


बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 09 अप्रैल 2026 | दिन - गुरुवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 71 | मूल्य - 5 रुपये









## सौतेली मां ने पीट-पीटकर तीन साल की बच्ची को मार डाला..

बुलंदशहर (भाषा)।

***बुलंदशहर जिले में पहासू थाना क्षेत्र के सुरजावली गांव में तीन साल की एक बच्ची की कथित तौर पर उसकी सौतेली मां द्वारा पिटाई किये जाने के बाद मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।***

पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बच्ची पर उसकी सौतेली मां पूनम ने कथित तौर पर हमला किया था, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पुलिस का कहना है कि बच्ची को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि आरोपी को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है। शिकारपुर के पुलिस क्षेत्राधिकारी शशांक श्रीवास्तव ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और प्रारंभिक जांच की । उन्होंने कहा, '' पता चला है कि सौतेली मां ने बच्ची के साथ मारपीट की थी, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि मामला दर्ज किया जा रहा है और आगे की कानूनी कार्यवाही चल रही है।

# हिजबुल्लाह पर इजरायल के हमलों से खटाई में पड़ा युद्ध विराम! ईरान ने होर्मुज को फिर किया बंद

तेहरान।

***ईरान की सरकारी मीडिया इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी के मुताबिक पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच 2 हफ्ते के लिए हुआ सीजफायर अब मुश्किल में पड़ गया है। खबर है कि तेहरान ने लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ इजरायल के भीषण हमलों की वजह से स्ट्रेटेजिक होर्मुज स्ट्रेट को एक बार फिर ब्लॉक करने का***



फैसला किया है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि हिजबुल्लाह सीजफायर डील के हिस्से शामिल नहीं था।

### ईरान ने क्या किया?

आईआरएनए की रिपोर्ट के मुताबिक, लेबनान पर इजरायली हमलों के बाद ईरान ने स्ट्रेटेजिक वॉटरवे से तेल टैंकरों का आना-जाना रोक दिया है, जिससे ग्लोबल एनर्जी सप्लाई रूट्स को लेकर नई चिंताएं बढ़ गई हैं। मंगलवार को ट्रंप की ओर से घोषित सीजफायर एग्रीमेंट के बावजूद, इजरायल ने लेबनान में अपने मिलिट्री ऑपरेशन जारी रखे हैं। लेबनान की हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक इजरायल के हमलों में कम से कम 112 लोगों की मौत हुई है और 800 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

### हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हुए हमले

इजरायल डिफेंस फोर्सेज ने भी कन्फर्म किया कि हमले हिजबुल्लाह के इंफ्रास्ट्रक्चर को टारगेट करने वाले एक बड़े कोऑर्डिनेटेड ऑपरेशन का हिस्सा थे। टेलीग्राम पर शेयर किए गए एक बयान में, ढ्ढष्ठस्न ने कहा कि उसने ऑपरेशन ÷रोरिंग लायन÷ शुरू होने के बाद से अपना सबसे बड़ा कोऑर्डिनेटेड स्ट्राइक किया है, जिसमें बेरूत, बेका वैली और दक्षिणी लेबनान में 100 से अधिक हिजबुल्लाह कमांड सेंटर और मिलिट्री साइट्स को निशाना बनाया गया है।

### सटीक इंटेलिजेंस के आधार पर हुए हमले

आईडीएफ के जनरल स्टाफचीफ लेफ्टिनेंट जनरल इयाल जमीर ने कहा, हम हिजबुल्लाह आतंकी संगठन पर हमला करते रहेंगे और हर ऑपरेशनल मौके का इस्तेमाल करेंगे। हम उत्तरी इजरायल के लोगों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेंगे। हम पक्के इरादे के साथ हमला करते रहेंगे।÷ आईडीएफ के मुताबिक, टारगेट में इंटेलिजेंस कमांड सेंटर, हमलों की प्लानिंग के लिए इस्तेमाल होने वाला हेडक्वार्टर, और हिजबुल्लाह की मिसाइल और नेवल क्षमताओं से जुड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर, साथ ही उसकी एलीट राडवान फोर्स और एरियल यूनिट्स के एसेट्स शामिल थे। मिलिट्री ने कहा कि ऑपरेशन सटीक इंटेलिजेंस पर आधारित था और इसे कई हफ्तों में प्लान किया गया था।

### जारी रहेंगे इजरायल के हमले

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजरायली सेना हिजबुल्लाह से खतरे को खत्म करने के मकसद से साउथ लेबनान में अपना हमला जारी रखेगी। नेतन्याहू के ऑफिस से एक बयान में कहा गया, ÷इजरायल प्रेसिडेंट ट्रंप के ईरान के खिलाफहमले 2 हफ्ते के लिए रोकने के फैसले का सपोर्ट करता है, बशर्ते ईरान तुरंत स्ट्रेट्स खोल दे और अमेरिका, इजरायल और इलाके के देशों पर सभी हमले रोक दे।




# पुलिस से बचने तालाब में 5 घंटे छिपा रहा चोर, पानी में सांस लेने लगाया गजब का जुगाड़!

जबलपुर।

***मध्य प्रदेश के जबलपुर में एक अजीब केस सामने आया है, जहां पुलिस की पकड़ से बचने के लिए एक चोर तालाब में फांद गया। इसके बाद वह कमल के तनों की सहायता से सांस लेकर 5 घंटे छुपा रहा। अफसर ने बताया कि यह केस बीते 6 अप्रैल का है और आरोपी यूपी के बिजनौर का रहने वाला है। वह वहां पार्षद भी रह चुका है।***

रेलवे पुलिस फोर्स के थाना प्रभारी राजीव खरब ने बताया कि 42 साल का आरोपी हरविंदर सिंह उर्फसनी ने रीवा-इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन के एक एसी डिब्बे में सवार था। इस दौरान, वह एक महिला का पर्स चुराने का प्रयास कर रहा था और तभी आरपीएफके जवानों ने उसको देख लिया। उन्होंने आगे बताया कि आरपीएफ जवानों ने जब उसका पीछा किया तो वह लोकल बाजार के पास काई से ढके एक तालाब में कूद गया और गिरफ्त में आने से बचने के लिए पानी में छिपा रहा। राजीव खरब बोले, 'पानी के अंदर सांस लेने के लिए चोर, कमल के खोखले तने का प्रयोग करता रहा।'

उन्होंने आगे कहा कि आरपीएफने आरोपी की तलाश के लिए लोकल पुलिस से संपर्क कर गोताखोरों को बुलाया। पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसको बाहर निकाला गया। थाना प्रभारी खरब ने बताया कि तालाब से बाहर आने के बाद भी आरोपी ने भागने की कोशिश की लेकिन आरपीएफ जवानों ने उसे अपने कब्जे में ले लिया।

**आरपीएफ सूत्रों का कहना है कि आरोपी 2017 में बिजनौर से पार्षद का चुनाव भी जीता था। शुरुआती जांच में सामने आया है कि उसके खिलाफमध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में 21 से ज्यादा आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उससे पूछताछ की जा रही है।**

# विधानसभा चुनावः असम, केरल समेत 3 राज्यों में वोटिंग आज, 4 मई को सामने आएंगे नतीजे..

**नई दिल्ली (भाषा)।**

देश के 3 राज्यों असम, केरल और पुदुचेरी में गुरुवार को विधानसभा चुनावों के लिए मतदान होना है। इन तीनों राज्यों में जहां सत्ता पक्ष अपनी पकड़ बनाए रखने की कोशिश में है, वहीं विपक्ष वापसी के लिए पूरा जोर लगा रहा है। असम और पुदुचेरी में जहां बीजेपी के नेतृत्व वाला एनडीए सत्ता में है, वहीं केरल की सत्ता पर वाम मोर्चा का कब्जा है और सूबे में उसकी मुख्य लड़ाई कांग्रेस से मानी जा रही है। एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि इस बार तीनों ही राज्यों में दिलचस्प चुनावी मुकाबला देखने को मिल सकता है।

### असम में बीजेपी की 'हैट्रिक' पर नजर..

असम की 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए होने वाले चुनाव में मुख्य मुकाबला बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए और कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन के बीच माना जा रहा है। बीजेपी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ मैदान में है, जबकि कांग्रेस 2016 में सत्ता गंवाने के बाद वापसी की कोशिश कर रही है। इस चुनाव में कुल 722 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई, नेता प्रतिपक्ष देबब्रत सैकिया, एआईयूडीएफ प्रमुख बदरुद्दीन अजमल और राइजोर दल के नेता अखिल गोगोई जैसे बड़े नाम शामिल हैं। राज्य के 35 जिलों में 31,490 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। करीब 2.50 करोड़ मतदाता वोट डालने के पात्र हैं, जिनमें 1.25 करोड़ महिलाएं और 318 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। पार्टीवार देखें तो कांग्रेस ने 99, बीजेपी ने 90 और एआईयूडीएफने 30 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। बीजेपी के सहयोगी असम गण परिषद 26 और बीपीएफ11 सीटों पर मैदान में हैं। अन्य दलों में आम आदमी पार्टी 18, तृणमूल कांग्रेस 22, यूपीपीएल 18 और जेएमएम 16 सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि 258 निर्दलीय उम्मीदवार भी हैं। असम विधानसभा चुनावों में महिला प्रतिनिधित्व सीमित है, और इस बार कुल 59 महिला उम्मीदवार ही मैदान में हैं। इनमें कांग्रेस ने 14 और बीजेपी ने 7 महिलाओं को टिकट दिया है। प्रमुख मुकाबलों में जालुकबाड़ी सीट से मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, जोरहाट में गौरव गोगोई, नाजिरा में देबब्रत सैकिया और शिबसागर में अखिल गोगोई के मुकाबले पर सबकी नजर है। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है और सुरक्षा के लिए केंद्रीय बल तैनात किए गए हैं। इस बार 6.42 लाख नए मतदाता, 80 वर्ष से अधिक उम्र के 2.50 लाख लोग और 2.05 लाख दिव्यांग मतदाता भी हिस्सा ले रहे हैं।

### केरल में कड़े मुकाबले की उम्मीद..

केरल की 140 विधानसभा सीटों के लिए भी गुरुवार को एक ही चरण में मतदान होगा। यहां कुल 2.71 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। केरल में चुनाव मैदान में 883 उम्मीदवार हैं। राज्य में मुकाबला मुख्य रूप से वाम लोकतांत्रिक मोर्चा यानी कि ड्डस्न और कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा यानी की ह्वस्न के बीच है, जबकि बीजेपी के नेतृत्व वाला एनडीए भी अपनी मौजूदगी मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के नेतृत्व में एलडीएफलगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने का प्रयास कर रहा है। वह अपने 10 साल के कामकाज जिनमें बुनियादी ढांचा, कल्याणकारी योजनाएं और संकट प्रबंधन शामिल हैं, को चुनावी मुद्दा बना रहा है। हालांकि, एलडीएफको सत्ता विरोधी लहर और हाल के चुनावों में मिली चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं यूडीएफसरकार के खिलाफअसंतोष और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों को उठाकर सत्ता में वापसी की उम्मीद कर रहा है। यूडीएफने वाम मोर्चे पर बीजेपी से मिलीभगत और स्ठ्ढक्कढ्ढ जैसे संगठनों से संबंध रखने के आरोप भी लगाए हैं। दूसरी ओर, बीजेपी राज्य में पिछले चुनावों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश में है और खुद को एलडीएफ और यूडीएफदोनों के विकल्प के रूप में पेश कर रही है।

### पुदुचेरी में भी काफी अहम है मुकाबला

असम और केरल के साथ-साथ पुदुचेरी में भी चुनावी माहौल गरम है और गुरुवार को यहां भी वोट डाले जाएंगे। पुदुचेरी में मुख्य मुकाबला मुख्य रूप से कांग्रेस और उसके सहयोगियों तथा बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन के बीच है। छोटा राज्य होने के बावजूद यहां की राजनीति काफी दिलचस्प मानी जाती है। पुदुचेरी में चुनाव के नतीजे यह तय करेंगे कि क्या कांग्रेस अपनी पकड़ बनाए रख पाती है या बीजेपी यहां अपनी स्थिति और मजबूत कर पाती है। सत्ताधारी एनडीए में एआईएनआरसी 16 निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ रही है, और उसकी सहयोगी बीजेपी 10 निर्वाचन क्षेत्रों में तथा एआईएडीएमके एवं एलजेके 2-2 निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव मैदान में हैं। विपक्षी आईएनडीआईए गठबंधन ने सीटों के बंटवारे को लेकर लंबी बातचीत के बाद, कांग्रेस को 16 निर्वाचन क्षेत्र आवंटित करने, डीएमके को 13 और वीसीके को एक (उझावरकराई) सीट देने पर सहमति जताई।


## आवश्यकता है..

बच्चों की देख रेख के लिये युवती की आवश्यकता है। वेतन 18000/- एवं रहना खाना घर में ही। पढाई कम से कम 12 वी अनिवार्य। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र) मो. 9244872544/ 9201340520

## आवश्यकता है..

ऑफीस कार्य हेतु चपरासी के पद पर कार्य हेतु 12 वी पास, युवती की आवश्यकता है। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र) मो. 9244872544/ 9201340520


## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।*


## आवश्यकता है..

*बालाघाट शहर के महावीर कालोनी में स्थित अनाज फर्म ऑफिस मीरा ट्रेडर्स में कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड वर्कर, रिसेप्शनिष्ट एवं पर्सनल असिस्टेंट के पद पर कार्य के लिये युवक युवतियों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन एवं सुविधाएं भी..। संपर्क करें.. मनोज सचदेव मो. 9425822975*

## आवश्यकता है..

*ऑफिस एकाउंट / ऑडिट कार्य हेतु 10वी., 12वी, बी.काम. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण युवक/ युवती की आवश्यकता है। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एंड एसोसिएट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल, मेन रोड, बालाघाट (म.प्र.) संपर्क - 9244872544/9201340520*



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प के पास भारत को गिरवी रख दिया - यश घनघोरिया..

## उर्जावान प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने सिवनी आकर युवा कांग्रेस में उर्जा का संचार किया-आदित्य मोन्टू भूरा..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

***मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया का प्रथम सिवनी आगमन पर जिले की युवा तरूणाई द्वारा जगह जगह ढ़ोल बाजे और आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत करते हुये कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी***

इंदिरा भवन में पंहुचे जहॉ पर सर्वप्रथम महात्मा गांधी जी की आदमकद प्रतिमा पर यश घनघोरिया द्वारा माल्यार्पण किया, इसके पश्चात इंदिरा भवन में विराजित इंदिरा गांधी, स्व. ठा. हरवंशसिंह, विमला वर्मा, श्रीमति उर्मिला सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। तत्पश्चात जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा श्री घनघोरिया का शाल श्रीफल से आत्मीय स्वागत किया गया। जिला युवा कार्यकर्ता बैठक में वरिष्ठ कांग्रेस जनो की उपस्थिति सराहनीय रही।

बैठक के प्रारंभ में जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य मोन्टू भूरा ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि हम सभी युवा कांग्रेस जन सौभाग्यशाली है कि हमें यश घनघोरिया जैसा मार्गदर्शक प्रदेश अध्यक्ष मिला है निश्चित ही यश घनघोरिया के नेतृत्व में युवा कांग्रेस एक नया इतिहास बनायेगी इस प्रदेश किसान विरोधी, नौजवान विरोधी, भाजपा सरकार को उखाड़ फेकने का काम करेंगी, आज यश घनघोरिया के आगमन से युवा कांग्रेस में एक नई उर्जा का संचान हुआ है।



जिला युवा कांग्रेस की एक वृहद संगठनात्मक बैठक का आयोजन जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य मोन्टू भूरा के द्वारा किया गया। बैठक प्रारंभ होने के पूर्व बैठक का मुख्य केन्द्र आगामी 13 अप्रेल 2026 को भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानू चिब के आव्हान पर विरोध प्रदर्शन एवं घेराव कार्यक्रम को लेकर गहन चर्चा हुई।

वरिष्ठ नेतृत्व की उपस्थिति बैठक में संगठन की मजबूती और आंदोलन की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की, जिसमें मुख्य रूप से शामिल रहें जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी, जिले के सर्वमान्य नेता केवलारी विधायक ठा. रजनीशसिंह, वारासिवनी विधायक विक्की पटेल, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री राजा बघेल, जिला कांग्रेस संगठन महासचिव मो. हनीफखान, जिला पंचायत सदस्य दुपेन्द्र अमूले, तेजसिंह रघुवंशी, नितिन डेहरिया, युवा कांग्रेस जिला प्रभारी सोपान कोहले की उपस्थिति में संगठन में गति लाने के लिए एवं 2028 मे प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष यश घनघोरिया ने युवाओं से कमर कसने का आव्हान किया एवं अपने सम्बोधन में कहा कि देश की नरेन्द्र मोदी सरकार ने अमेरिका से जो युएस टेऊडडील की है वो भाजपा के चाल चरित्र को छुपाने के लिए एफस्टीन फाईल की देन है।

हम सभी जानते है कि इस देश का प्रधानमंत्री देश को उद्योग पतियों के हाथो में तो बेच ही रहा था, अब अमेरिका की ट्रम्प सरकार के पास सोने की चिड़िया कहे जाने वाले भारत देश को गिरवी रख दिया है। साथ ही यश घनघोरिया जिले एवं प्रदेश के युवा कांग्रेस पदाधिकारियों से कहा कि संगठन में उनकी सक्रियता अति आवश्यक है और किसी भी प्रकार की अनुशासन हीनता संगठन में बर्दास्त नहीं की जायेगी। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य मोन्टू भूरा द्वारा आप सभी युवा साथियों के साथ मेरा जो आतिथ्य स्वागत किया गया है इसके लिए मैं आ जीवन ऋणी रहूंगा।

इस अवसर पर जिला युवा कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक को जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी, केवलारी विधायक ठा. रजनीशसिंह, प्रदेश महासचिव, राजा बघेल, युवा कांग्रेस सिवनी प्रभारी सोपान कोहले, मोहनसिंह चंदेल, युवा कांग्रेस केवलारी विधानसा अध्यक्ष शुभम पटेल, युवा कांग्रेस बरघाट वि.सभा अध्यक्ष कुलदीप काकोडिया, युवा कांग्रेस सिवनी विधानसभा अध्यक्ष नितिन डेहरिया, लखनादौन युवा कांग्रेस अध्यक्ष योगेश नाथ, जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल उके, जिला एनएसयुआई जिला अध्यक्ष धनंजयसिंह ने सम्बोधित किया।

बैठक का संचालन सिवनी युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष नितिन डेहरिया ने किया एवं आभार युवा कांग्रेस के सिवनी नगर अध्यक्ष सोहेल अमन खान के द्वारा किया गया। जिला युवा कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक में जिला युवा कांग्रेस पदाधिकारी, विधानसभा अध्यक्ष, युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं की भारी संख्या में उपस्थिति रही।

# शासकीय भूमि से हटाया गया अतिक्रमण बरघाट तहसीलदार की बड़ी कार्रवाई..

**जगप्रेरणा बरघाट।**

***सिवनी जिले के तहसील बरघाट अंतर्गत ग्राम पंचायत साल्हे में शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को राजस्व अमले हटाया।***



बरघाट तहसील न्यायालय के आदेश पर 7 अप्रैल 2026 मंगलवार को बरघाट के राजस्व अमले ने साल्हे गांव की शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी में शिकायतकर्ता वहाब पिता माबूद खान साल्हे गांव निवासी ने बताया कि उसके द्वारा बरघाट तहसील न्यायालय में आवेदन कर न्यायालय को अवगत कराया गया कि साल्हे गांव में धनेन्द्र पिता प्रभुदयाल चौहान निवासी ग्राम साल्हे के द्वारा पटवारी हल्का न. 09 शासकीय भूमि खसरा नं.709/2 पर 10म 10 की वर्ग फुट भूमि पर अवैध तरीके से कब्जा कर लोहा फ्रेमिंग शेड लगाकर कमरा बना रहा है। वहाब खान की शिकायत पर बरघाट तहसील न्यायालय के द्वारा आदेश जारी कर शासकीय भूमि पर किया गया अवैध कब्जा हटाने धनेन्द्र पिता प्रभुदयाल चौहान को कब्जा हटाने नोटिस जारी किया गया था। कब्जाधारी के द्वारा शासकीय भूमि से कब्जा ना हटाने पर राजस्व अमले ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है।

### सरपंच के परिवार के सदस्य के द्वारा किया था कब्जा..

बरघाट तहसील अंतर्गत ग्राम साल्हे गांव में पटवारी हल्का न.09 शासकीय भूमि खसरा न.709/2 पर 10म 10 वर्ग फुट भूमि पर ग्राम पंचायत साल्हे सरपंच की शह पर धनेन्द्र पिता प्रभुदयाल चौहान के द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर शासकीय भूमि पर लोहा फ्रेम शेड खड़ा कर कमरा बना रहा है।

शिकायतकर्ता वहाब पिता माबूद खान साल्हे गांव निवासी ने बताया कि उसके द्वारा बरघाट तहसील न्यायालय में आवेदन कर न्यायालय को अवगत कराया गया था। कि ग्राम पंचायत साल्हे सरपंच के परिवार के सदस्य धनेन्द्र पिता प्रभुदयाल चौहान के द्वारा साल्हे गांव में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध कब्जा जमा लिया है। बरघाट तहसील न्यायालय के आदेश पर मंगलवार को शिकायतकर्ता की उपस्थिति में बरघाट राजस्व अमले ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन से तोड़फोड़ कर शासकीय भूमि पर किए गए कब्जे को हटा दिया गया है।

# विनोबा ऐप के 'पोस्ट ऑफ द मंथ' विजेताओं का जिला स्तर पर सम्मान

**जगप्रेरणा सिवनी।**





जिले में विनोबा ऐप के माध्यम से आयोजित 'पोस्ट ऑफद मंथ' कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्णिमा दिवालिया, संध्या सेलोकर, नफीसुन्निसा खान एवं अल्पा शर्मा को उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस. कुमरे एवं जिला परियोजना समन्वयक महेश कुमार बघेल द्वारा विजेताओं को सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने सभी शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल से शिक्षकों में नवाचार और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर जिले एवं सभी विकासखंडों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के उत्कृष्ट कार्यों को पहचान देना एवं शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता को बढ़ावा देना है।

# सीखने की राह पर पहला कदम- प्रवेश उत्सव कार्यक्रम




**जगप्रेरणा सूकतरा।**

संदीपनी विद्यालय सूकतरा में जनपद अध्यक्ष जनपद कुरई लोचन सिंह मर्सकोले,जनपद उपाध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया, पूर्व उपाध्यक्ष देवेंद्र राहंगडाले शाला विकास समिति के अध्यक्ष राजेंद्र बिसेन गरिमामय उपस्थिति एवम् प्राचार्य संजय श्रीवास्त्री की अध्यक्षता में छात्र छात्राओं का शासन के निर्देशानुसार विद्यालय में भव्य स्वागत किया गया। भव्य रूप से विद्यालय को सजाकर सभी अतिथियों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं का तिलक से स्वागत किया एवं नई शुरुआत के लिए कलम भेट की।

प्रथम शाला प्रवेशित छात्रा छात्राओं के हाथों के निशान लिए गए पुस्तक वितरण किया गया सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा मार्गदर्शन किया गया मिष्ठान वितरण किया गया सभी शिक्षक परिवार ने कार्यक्रम में अपनी पूर्ण भागीदारी दी कार्यक्रम का संचालन श्रीमति अनामिका बघेल द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन विनायक राव डोंगरे सर द्वारा किया गया।

# संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने आज निकाली विशाल रैली..

## अपनी मांगों को लेकर तहसीलदार को सोपा ज्ञापन..



**जगप्रेरणा सिवनी।**

शिक्षक संयुक्त मोर्चा दिवस आज विशाल रैली का आयोजन किया गया इस रैली का उद्देश्य था कि शिक्षकों को पात्रता परीक्षा को लेकर टीईटीइ परीक्षा देना अनिवार्य है जो की शिक्षकों के लिए निराशाजनक वातावरण निर्मित करने वाली बात है इस शासन के इस आदेश का विरोध करते हुए आज तहसीलदार को मुख्यमंत्री राज्यपाल एवं शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सोपा गया।



संयुक्त मोर्चा द्वारा आयोजित इस रैली में परमानेंट डहेरिया बिपनेश जैन श्रवण डहरवाल अविनाश पाठक गजेंद्र बघेल कपिल बघेल चित्तौड़ से कुशराम रामकृष्ण दुबे अवशेष मिश्रा सुधीर धुर्वे कमलेश झरिया बृजमोहन सनोदिया सैमसुनन निशा खान सहित लगभग 2000 से अधिक शिक्षक शामिल हुए। ज्ञापन में कहा गया है कि नान टीईटी से अनुरोध किया गया है कि शिक्षकों को शिक्षा पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद की अधिसूचना 24 अगस्त 2010 की कंडीका का 4 क,ग एवं कंडीका5 के शिक्षक तथा वर्ष 2011 से 14 के मध्य गुरुजी से संविदा शिक्षक तीन सितंबर 2001 से 14 के मध्य नियुक्त गुरुजी को टीईटी से छूट प्रदान की गई है सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय में भी उक्त छठ का स्पष्ट उल्लेख किया गया है इसके बावजूद विभागीय आयुक्त द्वारा समस्त सेवारत नान टेट शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करने हेतु वाद्य किया जाना अधिसूचना के प्रावधानों एवं न्यायालय के निर्णय की भावना के विपरीत है इसी बात को लेकर शिक्षकों ने आज विशाल रैली निकाली जिसमें 2000 से अधिक संख्या में शिक्षक शामिल हुए कचहरी चौक से प्रारंभ होकर यह रैली बस स्टैंड नगर पालिका शुक्रवारी बाजार होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंची जहां पर तहसीलदार को ज्ञापन सोपा गया।

# बरबटी में चलाया गया जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम..

**जगप्रेरणा लखनादौन।**



ग्राम बरबटी में जल गंगा संवर्धन अभियान कार्यक्रम चलाया गया है यह कार्यक्रम जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला के निर्देशन में एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती रीता वर्मा श्रीवास्तव मार्गदर्शन मे किया गया सर्व प्रथम प्राथमिक स्कूल बरबटी में चौपाल का आयोजन किया गया फिर ग्राम के तालाब में जाकर पूजन अर्चन के बाद श्रमदान किया गया जल स्रोत में साफ सफाई की गई लोगों को जल के महत्व को समझाया की जल स्तर निरंतर कम हो रहा है पीने की पानी की कमी हो रही है हर तरफत्राहि त्राहि है इसी के मद्दे नजर रखते हुये लोगों को जागरूक करने के लिये ये कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिससे पृथ्वी के भूमिगत जल स्तर में वृद्धि होंगी उनको वाटर हार्वेस्टिंग के बारे में समझाया गया जितने भी जल स्रोत है. उनकी गहरीकरण करने की सलाह दिन गई निरंतर वृक्षारोपण करने को कहा गया इस कार्यक्रम में ग्राम के ग्रामीणजन, ग्राम विकास प्रसफुटन समिति बरबटी के सभी सदस्य, इंटर्न जितेंद्र मरावी, परमार्शदाता अनिल यादव, सरपंच सचिव रोजगार सहायक ,ब्लॉक समन्वयक श्रीमती रीता वर्मा श्रीवास्तव एवं बापू गरीबदास फाउंडेशन नवाअंकुर संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र डेहरिया एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत धनौरा जनपद पंचायत धनौरा, जिला सिवनी (म.प्र.)

क्रमांकः 01/निविदा/ग्रा.पं./धनौरा दिनांकः09/04/2026

**।। निविदा सुचना ।।**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धनौरा अंतर्गत निम्न सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक दुकानदार दिनांक 10/04/2026 तक अपना कोटेशन डाक द्वारा या कार्यालीन समय में स्वयं आकर बंद लिफाफे में जमा कर सकते हैं। निविदाएं दिनांक 12/04/2026 को दोपहर 12 बजे खोली जाएंगी। न्यूनतम दर वाले को प्राथमिकता दी जाएगी। आवश्यक सामग्री (संक्षेप में)- 1- वाटर कूलर स्टील बॉडी सभी प्रकार, उच्च क्वालिटी पानी टंकी 1000 लीटर 1 नाग, 1 इंची फिटिंग पाइप सभी सामग्री सहित, पुताई-रंगा पेंट इमलशन प्रति लीटर ब्रस, 4 इंच प्रति नग, 30 वाट LED बल्ब, मरकरी, सर्विस लीड प्रति मीटर, होल्डर, वायर प्रति नग, बल्ब कैप, बल्ब स्टेंड प्रति नग, सीमेंट बोरी सभी प्रकार उच्च क्वालिटी, सफेद रेत, गिट्टी, मुरूम प्रति फरमा, सरिया 6/8/10/12 एमएम, पाइप पुलिया 200/400/600 एमएम प्रति नग, प्रिंटर, इन्वर्टर, लैपटॉप, टेबल, आलमारी प्रति नग, साफ-सफाई सामग्री, इन्वर्टर बैटरी। निविदा अवधिः 01 अप्रैल 2026 से 31 मई 2026 तक लागू रहेगी। **टिपः** मनरेगा एवं शासन द्वारा संचालित समस्त मदों हेतु अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क करें।

सरपंच / सचिव
ग्राम पंचायत धनौरा

# सिवनी शहर में शराब दुकानों के आसपास अवैध अहातों पर देर रात तक चली कोतवाली पुलिस की रेड कार्यवाही..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है जो समय- समय पर कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों के विरूध्द लगातार कार्रवाई की जाती रही हैं

जो एएसपी दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी सचिन परते के मार्गदर्शन में दिनांक 07 अप्रैल 2026 को कोतवाली पुलिस द्वारा शराब भट्टी के आसपास अवैध अहातों पर कार्यवाही करते हुए 02 आरोपी को धर दबोचने में सफलता प्राप्त की है।

दिनांक 07/04/2026 की रात्रि में दौरान गस्त दल सागर भट्टी के पास 02 अलग अलग टपरे में लोगों को डिस्पोजल में शराब बेचकर अवैध धनार्जन करने की विश्वसनीय सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई है जो दो अलग अलग टपरों में संजू गोखे एवं प्रियांश चौरसिया 02 अलग व्यक्तियों को डिस्पोजल में शराब बेचकर अवैध धनार्जन करते पाये जाने पर समक्ष गवाहों के विधिवत् जप्ती की जाकर आबकारी एक्ट के तहत 02 अलग अलग अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है।

### रेड किये गये स्थान

छिन्दवाड़ा रोड में स्थित शराब भट्टी, दल सागर शराब भट्टी, न्यू लाइफहॉस्पिटल के पास स्थित शराब भट्टी, चर्च सिवनी के समीप स्थित शराब भट्टी।

### पकडे गए आरोपी

प्रियांश चौरसिया पिता राजा चौरसिया उम्र 25 वर्ष निवासी चौरसिया मोहल्ला गुरुनानक वार्ड सिवनी, संजु गोखले पिता महेन्द गोखले उम्र 26 वर्ष निवासी महाराजबाग भैरोगंज जिला सिवनी।

### कार्यवाही करने वाली टीम

थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी, उनि दयाराम शरणागत सउनि प्रमोद मालवीय, प्र.आर. कृष्णकुमार वानखेडे एवं अन्य थाना स्टाफ की विशेष भूमिका रहीं।

## जल आपूर्ति और जल सुरक्षा को लेकर जिले की स्थिति चिंताजनक..

**जगप्रेरणा सिवनी।**

प्रदेश में जल आपूर्ति और जल सुरक्षा को लेकर स्थिति लगातार चिंताजनक होती जा रही है। जल स्रोतों–जैसे तालाब, कुएं, नदियों और जलाशयों–में मिट्टी का अत्यधिक जमाव (सिल्ट) एक गंभीर समस्या बन चुका है, जिससे उनकी जल संचयन क्षमता लगातार घट रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, जल स्रोतों का समय पर गहरीकरण (डीपेनिंग) न होने और सिल्ट हटाने की उचित व्यवस्था के अभाव में वर्षा जल का पर्याप्त संचयन नहीं हो पा रहा है। इसका सीधा असर जलभराव पर पड़ रहा है, जिससे गर्मी के मौसम में जल स्तर तेजी से गिर रहा है और पेयजल संकट गहराता जा रहा है। इस समस्या की झलक सिवनी जिले में भी साफदिखाई दे रही है। छपारा क्षेत्र स्थित भीमगढ़ जलाशय तथा लखनादौन विकासखंड के ग्राम गुरदा जलाशय में भी सिल्ट जमाव के कारण जलधारण क्षमता में कमी आई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, वर्षों से इन जलाशयों का समुचित गहरीकरण और सफाई नहीं होने के कारण अब ये अपने मूल स्वरूप और क्षमता से काफी पीछे छूट चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में इसका प्रभाव अधिक देखने को मिल रहा है, जहां जल स्तर गिरने से पेयजल की समस्या बढ़ रही है और किसानों को सिंचाई के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय रहते जल स्रोतों का पुनर्जीवन नहीं किया गया, तो आने वाले वर्षों में जल संकट और अधिक गंभीर रूप ले सकता है। इसके लिए शासन स्तर पर बड़े पैमाने पर सिल्ट हटाने, जल स्रोतों के गहरीकरण और वर्षा जल संचयन को प्राथमिकता देना आवश्यक है। प्रदेश सरकार द्वारा जल संरक्षण के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन इनके प्रभावी क्रियान्वयन और स्थानीय स्तर पर निगरानी की सख्त आवश्यकता है। साथ ही जनभागीदारी को बढ़ावा देकर जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देना समय की मांग है। मध्यप्रदेश में जल संकट की समस्या केवल प्राकृतिक कारणों तक सीमित नहीं है, बल्कि जल स्रोतों के रखरखाव की कमी और सिल्ट जमाव भी इसके प्रमुख कारण हैं। सिवनी जिले के भीमगढ़ और लखनादौन के गुरदा जलाशय इसका उदाहरण हैं। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में जल संकट और भी गहरा सकता है।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

सिवनी मे जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करें.. हसीब मोहम्मद 7898530101


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



गुरुवार 09 अप्रैल 2026

जग प्रेरणा

# शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975




### शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्ती की मांग को लेकर

## बालाघाट में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने रैली, नारेबाजी के साथ प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन..






जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश शासन के आयुक्त लोकशिक्षण संचालनालय भोपाल (म.प्र.) द्वारा दिनांक 02 मार्च 2026 एवं आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश द्वारा दिनांक 26 मार्च 2026 को आदेश जारी करते हुए प्रदेश के समस्त नॉन टीईटी शिक्षको को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करने***

हेतु निर्देश जारी किये गये हं, जिससे प्रदेश के समस्त शिक्षक संवर्ग अनावश्यक रूप से मानसिक तनाव में आ गये हैं, तथा बालाघाट में आज प्रदेश सरकार से टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग को लेकर आज 08 अप्रैल को मुख्यालय में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा मध्यप्रदेश के बैनर तले सैकड़ों की संख्या में पुरुष व महिला शिक्षकों ने एकत्रित होकर रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा, और प्रदेश के मुख्यमंत्री से अनुरोध भी किया।

बालाघाट नगर मुख्यालय में दोपहर 2 बजे से एक घंटे के धरना आंदोलन के बाद शिक्षकों ने शहर में विशाल रैली निकाली। रैली के समापन पर शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारी प्रदीप कौरव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। शिक्षकों ने सरकार से मांग की कि वह समय रहते सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल करें।

### ज्ञापन के माध्यम से की मांग..

सैकडों शिक्षकों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने मांग की है कि (1) आयुक्त लोकशिक्षण संचालनालय भोपाल (म.प्र.) एवं आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश द्वारा जारी आदेश तुरन्त ही निरस्त करने एवं अध्यापक शिक्षकों के पक्ष में मध्यप्रदेश सरकार की ओर से माननीय सर्वोच्च न्यायालय मे पूनर्विचार याचिका दायर करने की कृपा करें। (2) नवीन शैक्षिक संवर्ग के शिक्षको की लम्बे समय से की जा रही ज्वलंत मांग को दृष्टिगत रखते हुये उनकी सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से किये जाने हेतु आवश्यक आदेश जारी करने की कृपा करें। जिससे पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदीकरण जैसे वैधानिक लाभ पदोन्नति / क्रमोन्नति की भांति सुनिश्चित हो सके। ज्ञापन में शिक्षकों अध्यापकों ने आशा व्यक्त की कि इस विषय पर संवेदनशीलता एवं न्यायोचित दृष्टिकोण अपनाते हुये शिक्षको को आवश्यक राहत प्रदान करने का कार्य किया जायेगा।

### बोले आशीष बिसेन..

आजाद अध्यापक संघ के अध्यक्ष आशीष बिसेन ने कहा कि सरकार ने 25 साल पहले तत्कालीन भर्ती नियमों के तहत नियुक्तियां की थीं। अब नए आदेशों के तहत उन्हें अयोग्य बताकर टीईटी परीक्षा देने कहा जाना अन्याय है। इस आदेश से प्रदेश के 4 लाख शिक्षकों का भविष्य अधर में लटक गया है।

### बोले कमलनाथ पाराशर..

अध्यापक कमलनाथ पाराशर ने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट का फैसला पिछले साल सितंबर में आया था, 6 महीने बीतने के बाद भी सरकार ने अब तक कोई कानूनी कदम नहीं उठाया। हम सभी शिक्षकों ने यह आंदोलन सोई सरकार को जगाने किया है ताकि समय सीमा समाप्त होने से पहले याचिका दायर की जा सके। पाराशर ने यह भी कहा कि इस विरोध प्रदर्शन में बालाघाट जिले के विभिन्न विकासखंडों से सैकड़ों की संख्या में शिक्षक और अध्यापक शामिल हुए।हमारी चेतावनी है कि यदि सरकार ने जल्द ही हमारे हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम नहीं उठाएगी, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## पीजी कॉलेज बालाघाट में 30 दिवसीय ज्वेलरी डिजाइनिंग कोर्स संपन्न

### विद्यार्थियों को मिला स्वरोजगार का प्रशिक्षण





जगप्रेरणा बालाघाट।

***शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट (प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस) में कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 30 दिवसीय सर्टिफिकेट***

कोर्स का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्था के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के फ्लैगशिप कार्यक्रम ÷कौशल्यम्÷ के अंतर्गत आयोजित किया गया। इस कोर्स में विद्यार्थियों को ÷हस्तनिर्मित आभूषण निर्माण÷ (ज्वेलरी डिजाइनिंग) का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शीतल सिसोदिया द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें बी.ए. एवं बी.एससी के लगभग 42 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने रेशम के धागों का उपयोग कर विभिन्न प्रकार की चूड़ियां, कंगन, हार सेट एवं झुमके बनाना सीखा।

हस्तशिल्प विषय की प्रभारी डॉ. आशा गोहे ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से विद्यार्थी न केवल रचनात्मक कौशल सीखते हैं, बल्कि भविष्य में स्वरोजगार के अवसर भी प्राप्त कर सकते हैं। कार्यशाला आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. सीमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आयोजित की गई, जिसमें डॉ. रचना कोरी, सुश्री प्राशु गौतम, श्रीमती मनोजबाई उइके एवं कुमारी कल्याणी उइके ने सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राचार्य डॉ. मराठे द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। यह कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई, जिससे उन्हें व्यावसायिक कौशल एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली।

## बालाघाट में स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया टोल-फ्री नंबर 155334, मिलेगी निःशुल्क आपात सेवाएं




जगप्रेरणा बालाघाट।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आम नागरिकों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से टोल-फ्री नंबर 155334 जारी किया गया है। इस नंबर के माध्यम से शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे संजीवनी आपातकालीन सेवा, जननी सेवा 108 तथा मृत्यु उपरांत शव को सम्मानपूर्वक घर तक पहुंचाने की सुविधा का लाभ लिया जा सकेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया है कि इस टोल-फ्री नंबर पर कॉल कर नागरिक आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही, किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर परिजन इस नंबर के माध्यम से अस्पताल से शव को सम्मानपूर्वक घर तक पहुंचाने के लिए निःशुल्क वाहन सेवा का लाभ उठा सकते हैं। जिला चिकित्सालय बालाघाट से भी इस सेवा की शुरुआत कर दी गई है, जिससे जिले के लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। अब जरूरत के समय परिजन बिना किसी आर्थिक बोझ के इस सुविधा का उपयोग कर सकेंगे। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस सेवा का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और आपात स्थिति में तत्काल टोल-फ्री नंबर 155334 पर संपर्क करें।

## अरिहंत प्रायवेट आईटीआई में संपन्न हुआ मारुती सुजुकी का ओपन ड्राइव कैंपस..







जगप्रेरणा बालाघाट।

***अरिहंत प्राइवेट आईटीआई द्वारा 10वीं पास एवं आईटीआई उत्तीर्ण सभी ट्रेड के पास युवा बेरोजगारों के लिए अरिहंत प्राइवेट आईटीआई लालबर्रा रोड गर्रा में दिनांक 08/04/2026 को जॉब प्लेसमेंट ओपन कैंपस ड्राइव का आयोजन नोएडा से आई विज़न इंडिया कंपनी जिसने मारुती सुजुकी गुजरात के लिए कैंपस किया गया, जिसमें विज़न इंडिया कंपनी द्वारा मारुती सुजुकी गुजरात के लिए कैंपस ड्राइव में आये 55 प्रशिक्षणार्थियों में से 19 प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया गया।***

विज़न इंडिया कंपनी से आए कुलदीप सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों का इंटरव्यू लेकर उनका चयन किया, कैंपस सेलेक्शन में शामिल हुए प्रशिक्षणार्थियों को संस्था के डायरेक्टर श्री सुशील जैन ने उत्साहवर्धन किया एवं कैंपस में सफल हुए प्रशिक्षणार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाये दी। अरिहंत एजुकेशन सोसाइटी की अध्यक्ष श्रीमती आराधना जैन ने भी प्रशिक्षणार्थियों का उत्साहवर्धन किया जिनका कैंपस में चयन नहीं हुआ उनके लिए उन्होंने कहा की आपको निराश होने की जरुरत नहीं है। आगामी दिनों में अरिहंत प्रा आई टी आई में और भी कैंपस का आयोजन होना है तो आप लोगो का भी उसमे चयन हो जायेगा। इस कैंपस को सफल बनाने में संस्था के प्राचार्य महेंद्र ठाकरे, कोऑर्डिनेटर प्रहलाद सोनी, राजेश ठाकरे, क्राऊन कोचे, सागर सराठे, नागेंद्र बाहेश्वर, अनिल चौधरी, बसंत टेम्भरे, गोविन्द घाटे, एवं रोहित घाटे का विशेष योगदान रहा।

## आरटीओ चेक पोस्ट की वसूली कार्यवाही के खौफ से रजेगांव शराब दुकान के ग्राहक लौट रहे डर से..

### शराब दुकान संचालक ने बताई आपबीती.. हो रहा प्रतिदिन नुकसान..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट से रजेगांव मार्ग पर संचालित देशी-विदेशी शराब दुकान के सामने आरटीओ पुलिस की मौजूदगी अब विवाद का कारण बनती जा रही है। दुकान के ठीक सामने बनाए गए अस्थायी चेक पोस्ट और वहीं पुलिस कर्मियों के लगातार डटे रहने से ग्राहकों में भय का माहौल बन गया है, जिसका सीधा असर दुकान के व्यवसाय पर पड़ रहा है।***

जानकारी के अनुसार, जिस मार्ग से ग्राहक शराब दुकान तक पहुंचते हैं, उसी रास्ते पर आरटीओ विभाग ने चेकिंग प्वाइंट स्थापित कर रखा है। स्थिति यह है कि पुलिसकर्मी उसी रास्ते पर मंडप लगाकर कुर्सियां डालकर बैठे रहते हैं। ऐसे में दुकान तक आने वाले ग्राहक खुद को असहज महसूस करते हैं और कई बार बिना खरीदारी किए ही वापस लौट जाते हैं। दुकान संचालक ने इस व्यवस्था पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि पुलिस की यह तैनाती उनके व्यवसाय के लिए नुकसानदायक साबित हो रही है। उनका कहना है कि यदि चेकिंग करनी ही है, तो उसे दुकान से कुछ दूरी पर किया जाना चाहिए, ताकि ग्राहकों को किसी प्रकार की झिझक या डर का सामना न करना पड़े। वर्तमान स्थिति में लोग दुकान तक आने से कतराने लगे हैं, जिससे बिक्री में गिरावट दर्ज की जा रही है। स्थानीय लोगों का भी मानना है कि इस तरह दुकान के ठीक सामने पुलिस की मौजूदगी अनावश्यक दबाव बनाती है। ग्राहकों को यह आशंका रहती है कि कहीं उन्हें बेवजह रोका या पूछताछ न कर ली जाए। यही कारण है कि कई लोग वैकल्पिक रास्ते तलाश रहे हैं या फिर खरीदारी टाल रहे हैं। मौके पर मौजूद स्थिति यह दर्शाती है कि चेक पोस्ट आने-जाने वाले मार्ग के बीचों-बीच बनाया गया है, जिससे यातायात भी प्रभावित हो रहा है। दूसरी ओर, पुलिसकर्मी दुकान की ओर जाने वाले रास्ते के पास ही बैठते हैं, जिससे यह पूरी व्यवस्था और अधिक संवेदनशील हो जाती है। इस संबंध में आरटीओ चेक पोस्ट पर तैनात प्रभारी अधिकारी का कहना है कि यह व्यवस्था अस्थायी है और जल्द ही इसमें सुधार किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि दो दिनों के भीतर मंडप को हटाकर चेकिंग व्यवस्था को व्यवस्थित किया जाएगा, ताकि किसी भी व्यक्ति को असुविधा का सामना न करना पड़े। हालांकि, वर्तमान में श्रमिकों की कमी के कारण मंडप हटाने में देरी हो रही है। लेकिन विभाग का दावा है कि समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान किया जाएगा। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन कब तक इस मुद्दे का स्थायी हल निकाल पाता है और प्रभावित व्यवसाय को राहत मिल पाती है।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजना मोनु बर्वे उकवा

मो. 74156-52935

# प्यासे कांठो को तर करने किया शीतल प्याऊ का शुभारंभ..

संजना मोनू बवे, जगप्रेरणा उकवा।

***मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खण्ड बैहर जिला बालाघाट जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा संवर्धन अभियान द्वितीय चरण में कलेक्टर श्री मृणाल मीणा एवं***





मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन मे मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खण्ड बैहर जिला बालाघाट जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा संवर्धन अभियान द्वितीय चरण में ग्राम सोनपुरी में श्री महेश पटले जी ब्लाक समन्वयक बैहर सर्व धर्म सेवा समिति अध्यक्ष जेम्स बारिक के द्वारा के द्वारा ग्राम सोनपुरी मे जल मंदिर (प्याऊ) का शुभारंभ किया गया आम जनता को जल संरक्षण के विभिन्न संदेश दिए गए,साथ में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सोनपुरी द्वारा समिति का बोर्ड लगाया गया। इन सभी कार्यक्रम में उपस्थित रहे श्री महेश पटले जी ब्लाक समन्वयक बैहर सर्व धर्म सेवा समिति अध्यक्ष जेम्स बारीक़ उपाध्यक्ष संतोष सोनी, नितिन कुमार पत्रकार संजना बर्वे, नवांकुर संस्था आर्या समाज कल्याण समिति बैहर प्रमुख श्री राजीव गोपाल सिंह परते परामर्शदाता सुरेश यादव भाजपा महामंत्री उकवा तपेश घुले, प्रस्फुटन समिति प्रमुख श्रीमती ज्योति वरकडे सचिव संदीप गजभिये एवं एवं पीएम श्री शासकीय बालक माध्यमिक स्कूल सोनपुरी ज्योति टेम्भरे, पूनम बिसेन पी टी आई अंकित, अजिते म्युसिक शिक्षक लोकचंद तेकाम प्राथमिक शिक्षक सचिव सोनपुरी सुखचरण खंडाते एवं सदस्य शिखा उमरे, सरिता मात्रे, रेनू उमरे, ममता कटरे, साधना मर्सकोले, चमन वरकडे की सहभागिता रही।

# टीएल बैठक में समय सीमा प्रकरणों की हुई समीक्षा

जगप्रेरणा बालाघाट।

***श08 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों***



की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, श्री डीपी बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री मायाराम कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

## पीएम सूर्य घर बिजली योजना के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर श्री मीना नें विभागीय अधिकारी कों कहा की पीएम सूर्य घर योजना के कार्य कों तत्परता से करते हुए उसमे प्रगति लाये ताकि आम नागरिक तक इस योजना का लाभ पहुंच सकें। इस योजना में जो भी टारगेट दिए गए है उसे समय सीमा में करते हुए पूरा करें। इसके अलावा उन्होंनें कुसुम-बी योजना के अंतर्गत एआईएफके विरुद्ध लोन की स्वीकृति की प्रगति के बारे में विस्तार से चर्चा की व आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## एचपीवी टीकाकरण में प्रगति लाने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर श्री मीना नें सीएचएमओ कों कहा कि वे एचपीवी टीकाकरण के कार्य में प्रगति लाये। इसके अलावा उन्होंने प्रसूति सहायता प्रकरणों के निराकरण के सम्बंध में विस्तार से चर्चा की व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीयन शीघ्रता से कराने व पीएम राहत योजना की विस्तार से समीक्षा की।

## सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ करें निराकरण

बैठक में सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों कों निर्देशित किया गया की 50 दिन से अधिक की लंबित शिकायतों कों प्राथमिकता दे और उनका शीघ्रता से निराकरण कराए।

## मत्स्य उत्पादन बढ़ाने जलाशयों में केजकल्चर लगाए

कलेक्टर श्री मीना नें बैठक में सहायक संचालक मत्स्योद्योग कों निर्देशित किया की जिले के तालाबों में मत्स्य उत्पादन के लिए अधिक से अधिक संख्या में केजकल्चर लगवाए। इसके अलावा उन्होने सहायक संचालक कों कहा कि वे शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ आम नागरिक तक पहुंचाए।

## जिले की सभी आँगनवाड़ियों में शौचालय का निर्माण शीघ्रता से कराने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर श्री मीना नें महिला एवं बाल विकास अधिकारी कों कहा की जिले में संचालित सभी आँगनवाड़ियों में शौचालय का निर्माण शीघ्रता से कराये ताकि बच्चों कों किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा उन्होने पोषण पखवाड़े की समीक्षा करते हुए इस कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

## मखाने की खेती कों सफल बनाने हर संभव उपाय करें

बैठक में सहायक संचालक उद्यान कों निर्देशित किया गया की मखाना की खेती करने वाले किसानों से निरंतर संवाद व संपर्क बनाये रखे और उन्हें सतत मार्गदर्शन दे। मखाना उपज की खरीदी के लिए प्लानिंग करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री मीना नें कहा की यदि मखाना की फसल किसी स्थान पर लगाई जा रही है तो वह फसल नष्ट नहीं होना चाहिए।

## न्यायालय तहसीलदार परसवाडा

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क.0040.... ड - 154.... वर्ष 2025-26
मौजा नाटा प.ह.न. 24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता ग्राम नाटा तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट को सूचित किया जाता है कि आवेदक धूरेलाल आ. चमरा जाति गोड निवासी ग्राम नाटा तहसील परसवाडा जिला बालाघाट ने अपनी माँ बसंतीबाई पिता चमरा की मृत्यु दिनांक 20-05-2003 के मृत्यु संबंध घटना का ग्राम पंचायत नाटा मे रजिस्ट्रीकरण नही होने से मृत्यु की प्रविष्टि ग्राम पंचायत नाटा मे दर्ज कर मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है इस संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति विशेष को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो नियत दिनांक 15/04/26 तक मेरे न्यायलय मे स्वंय उपस्थित होकर अथवा अपने अधिकर्ता के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 30/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया है।

तहसीलदार
परसवाडा

## न्यायालय तहसीलदार परसवाडा

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क.0039.... ड - 154.... वर्ष 2025-26
मौजा लिंगा प.ह.न. 24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता ग्राम लिंगा तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट को सूचित किया जाता है कि आवेदक पूरनलाल कटरे आ. लालाजी जाति पवार निवासी ग्राम लिंगा तहसील परसवाडा जिला बालाघाट ने अपने पिता लालाजी पिता कोज्हूजी की मृत्यु दिनांक 22/8/1995 के मृत्यु संबंध घटना का ग्राम पंचायत लिंगा मे रजिस्ट्रीकरण नही होने से मृत्यु की प्रविष्टि ग्राम पंचायत लिंगा मे दर्ज कर मृत्यु प्रमाण पत्र मिलने हेतु आवेदन /प्रस्तुत किया है इस संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति विशेष को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो नियत दिनांक 13/04/2026 तक मेरे न्यायलय मे स्वंय उपस्थित होकर अथवा अपने अधिकर्ता के माध्यम से आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 26/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया है।

तहसीलदार
परसवाडा

# शासकीय मॉडल स्कूल बिरसा में मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

जगप्रेरणा बैहर।

***विधानसभा क्षेत्र बैहर के विधायक श्री संजय उइके के मुख्य आतिथ्य में शासकीय मॉडल स्कूल, बिरसा में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।***





कार्यक्रम में सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चयनित विद्यार्थियों को 2500 रुपए की प्रोत्साहन राशि चेक के माध्यम से प्रदान की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश एवं माता सरस्वती के पूजन-अर्चन से हुई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बिरसा की अध्यक्ष सविता धुर्वे एवं उपाध्यक्ष हेमंत साहू की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 10वीं के 41 एवं कक्षा 12वीं के 17 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। विधायक श्री उइके ने अपने संबोधन में विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए बताया कि शासकीय मॉडल स्कूल, बिरसा का नामांकन मध्यप्रदेश में तीसरे स्थान पर है, जो शिक्षकों के समर्पण और उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी मेहनत और लगन से उच्च सफलता प्राप्त कर सकते हैं। विधायक श्री उइके कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए छ्श्वश्व, हृश्वश्वञ्ज एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से विशेष कक्षाएं शुरू करने की घोषणा भी की। वहीं जनपद उपाध्यक्ष श्री हेमंत साहू ने जानकारी दी कि आगामी ÷विशिष्ट योजना÷ के तहत लगभग 120 विद्यार्थियों के लिए उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु विशेष कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। जनपद अध्यक्ष श्रीमती सविता धुर्वे ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें निरंतर प्रगति के लिए प्रेरित किया और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## न्यायालय पंजीयक सार्वजनिक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), बालाघाट म.प्र.

रा. प्र. क. 002/बी-113(1)2026-27
निवासी बालाघाट तहसील व जिला बालाघाट

**।। उद्घोषणा ।।**

यह कि सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री रमेश कुमार राठी (अध्यक्ष) पिता स्व. हरिवल्लभ राठी निवासी वार्ड न0 06 महावीर कालोनी बालाघाट तहसील व जिला बालाघाट (म.प्र.) 'गणेश मंदिर समिति ट्रस्ट बालाघाट' पता वार्ड न0 06 महावीर कालोनी बालाघाट (म.प्र.) के परिसर में समाज के अत्यंत निर्धन वर्ग को वस्तु के रूप में सहायता प्रदान करना, धार्मिक अनुष्ठानों का संचालन करना, निराश्रित एवं बीमार व्यक्तियों को चिकित्सा एवं भरण पोषण हेतु मदद करना, वृक्षारोपण, पुदूषण निवारण आदि विकास कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान करना एवं कल्याणकारी कार्य हेतु पंजीयन किये जाने बाबद आवेदन पत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष दस्तावेजो सहित पेश किया गया है। उक्त संस्थापक ट्रस्टी 'गणेश मंदिर समिति ट्रस्ट बालाघाट' के पंजीयन किये जाने पर किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का दावा या आपत्ति है तो पेशी दिनांक 06/05/2026 के पूर्व स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात प्राप्त किसी भी दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक को 06/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुदा से जारी किया गया।

(गोपाल सोनी)
पंजीयक पब्लिक ट्रस्ट एवं
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बालाघाट

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय उकवा में लेटरल एंट्री से प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित..

जगप्रेरणा उकवा।

***एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय उकवा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए लेटरल एंट्री के माध्यम से विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।***

यह विद्यालय विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, स्टेशनरी, आवास, भोजन एवं डिजिटल बोर्ड के माध्यम से आधुनिक शिक्षण सुविधा प्रदान करता है। साथ ही नई दिल्ली से नियमित रूप से पदस्थ शिक्षकों द्वारा अध्यापन कराया जाता है। विद्यालय में कक्षा 7वीं में 1 बालक एवं 2 बालिका, कक्षा 8वीं में 1 बालिका तथा कक्षा 11वीं में 40 सीटें रिक्त हैं। इन सीटों के लिए अनुसूचित जनजाति, बैगा जनजाति, विमुक्त घुमक्कड़ जनजाति, दिव्यांग एवं अनाथ अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 11वीं में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का मध्यप्रदेश या सीबीएसई बोर्ड से कक्षा 10वीं में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। बैगा जनजाति एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों को 5 प्रतिशत अंकों की छूट प्रदान की जाएगी।

इच्छुक अभ्यर्थियों को आवेदन के साथ डिजिटल जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, स्लक्ष्र पंजीयन प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो एवं पिछली कक्षा की अंकसूची संलग्न कर विद्यालय समय में उपस्थित होकर आवेदन करना होगा। निर्धारित आवेदन फॉर्म एवं विस्तृत जानकारी विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट **http://www.emrsukwa-balaghat.in/** पर उपलब्ध है। विद्यालय प्रबंधन ने पात्र अभ्यर्थियों से समय पर आवेदन करने की अपील की है।

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

**बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।**

# मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मैहर कोली खापा सेक्टर क्रमांक 5 की सेक्टर स्तरीय बैठक संपन्न..

## जल गंगा संवर्धन अभियान की बनी कार्य योजना 2026

## जल संरक्षण हेतु जागरूकता लाने दिया लेखन, रैली, जन चौपाल,का किया गया आयोजन







अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।

***दिनांक 08.04.2026 दिन रविवार को प्रस्फुटन ग्राम आमगहन में सेक्टर स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड बैहर के ब्लॉक समन्वयक***

श्री महेश पटले एवं श्री शिवनाथ यादव वरिष्ठ समाजसेवी कार्यकर्ता एवं परामर्शदाता तथा नवांकुर प्रमुख अमित पाटिल की उपस्थिति में सेक्टर स्तरीय बैठक के अंतर्गत सेक्टर के प्रस्फुटन ग्रामों में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नियमित गतिविधि का आयोजन किया जाना है। जन समुदाय को जागरूक करने हेतु लगातार जन संवाद किए जाने पर जोर दिया गया है।बैठक में ग्राम बोदा, संजारी, आमगहन,के प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष, सचिव की उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम समन्वयक हाकेश शांडिल्य नवांकुर संस्था प्रगति ग्राम जन विकास समिति गढ़ी एवं परामर्श दाता भंवर सिंह मेरावी का सराहनीय सहयोग रहा।

।। श्री जीणमाता की जय ।। ।। जय गुलाब बाबा नमः ।।

प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126

मान्यता ऑटो पार्ट्स

सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एवं गाड़ियाँ सुधारी जाती है।



वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900

# वारासिवनी में घर-घर कचरा पृथक्करण को लेकर जागरूकता अभियान आयोजित



जगप्रेरणा वारासिवनी।

***नगर पालिका परिषद वारासिवनी द्वारा स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 9 में जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सूर्य प्रकाश उके के***

निर्देशन में आईईसी टीम एवं वर्चुअल क्रिस्टल मल्टीट्रेड, जबलपुर के सहयोग से संचालित किया गया। अभियान के दौरान टीम ने रहवासी क्षेत्रों में घर-घर जाकर नागरिकों को डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण एवं स्रोत पर कचरा पृथक्करण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही लोगों से खुले में शौच न करने और आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई। नागरिकों को कचरा इधर-उधर न फेंकने तथा निर्धारित स्थान पर ही कचरा देने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के बारे में भी जानकारी साझा की गई और नागरिकों से इसमें सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई। लोगों को बताया गया कि घर से निकलने वाले कचरे को गीला (हरा), सूखा (नीला), सेनेटरी (पीला) और हानिकारक (काला) श्रेणियों में अलग-अलग करके ही कचरा वाहन में दें। इसके अलावा, गीले कचरे से घर पर ही खाद बनाने की प्रक्रिया (होम कंपोस्टिंग) के बारे में भी जानकारी दी गई और इसके फायदे समझाए गए। नगर पालिका परिषद ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोग कर अपने शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

# रामपायली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को सिजेरियन व्यवस्था बहाल करने की मांग..

## रामपायली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सिजेरियन डिलीवरी सुविधा शुरू करने की मांग तेज..

## 30 गांवों की स्वास्थ्य सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला..




राजेश चौहान, जगप्रेरणा रामपायली।

***क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपायली में सिजेरियन डिलीवरी (ऑपरेशन से प्रसव) की सुविधा नहीं होने के कारण आसपास के लगभग 30 से अधिक गांवों की गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।***

क्षेत्रवासियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने इस महत्वपूर्ण जनहित मुद्दे पर शासन एवं स्वास्थ्य विभाग का ध्यान आकर्षित करते हुए अस्पताल में सिजेरियन प्रसव सुविधा शुरू करने तथा विशेषज्ञ डॉक्टरों की पदस्थापना की मांग की है। जानकारी के अनुसार रामपायली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण अंचल के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का प्रमुख केंद्र है जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। सामान्य प्रसव तो यहां हो जाते हैं लेकिन जटिल प्रसव आने पर सिजेरियन की सुविधा नहीं होने से प्रसव पिडीत महिला रोगी वषौ से लम्बी दूरी तय कर मजबूरी में जिला अस्पताल बालाघाट या निजी अस्पतालों में जाने की बेबसी होती है।

### समय पर इलाज नहीं मिलने से बढ़ जाता है खतरा..

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि प्रसव पीड़ा के दौरान अचानक स्थिति गंभीर होने पर मरीज को तत्काल बड़े अस्पताल ले जाना पड़ता है। ऐसे समय में एम्बुलेंस की उपलब्धता, सड़क की दूरी और आर्थिक स्थिति जैसी समस्याएं सामने आ जाती हैं।

रामपायली में प्रसव की आधुनिक सुविधा नहीं होने से, कई गांवों से रामपायली तक पहुंचने में ही काफी समय लग जाता है, वहां से जिला अस्पताल ले जाने में और देरी हो जाती है। गरीब परिवारों को निजी अस्पतालों में महंगा इलाज कराना पड़ता है।

कई बार समय पर उपचार नहीं मिलने से जच्चा और बच्चा दोनों की जान खतरे में पड़ जाती है। स्वास्थ्य से जुड़े लोगों का कहना है कि यदि स्थानीय स्तर पर सिजेरियन सुविधा उपलब्ध हो जाए तो कई आपातकालीन स्थितियों को समय रहते संभाला जा सकता है।

### विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति भी जरूरी..

क्षेत्र की जनता ने अस्पताल में निम्न विशेषज्ञों की नियुक्ति की मांग भी उठाई है। स्त्री रोग विशेषज्ञ - सुरक्षित प्रसव के लिए, हड्डी रोग विशेषज्ञ - दुर्घटना एवं फ्रैक्चर मरीजों के लिए। रेडियोग्राफर - एक्सरे मशीन संचालन हेतु। प्रयोगशाला तकनीशियन - जांच सुविधा के लिए। पर्याप्त स्टाफनर्स और वार्ड बॉय।

### क्षेत्रीय विकास के अनुरूप स्वास्थ्य सुविधाएं भी बढ़े..

क्षेत्र के जागरूक नागरिकों का कहना है कि रामपायली क्षेत्रों में तेजी से जनसंख्या विकास की ओर बढ़ रहा है और यहां पर्यटन एवं अन्य गतिविधियां भी बढ़ रही हैं। ऐसे में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार भी उतना ही जरूरी है ताकि स्थानीय लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा अपने क्षेत्र में ही मिल सके।

### शासन प्रशासन से की गई प्रमुख मांगें..

जनता ने शासन और स्वास्थ्य विभाग से निम्न मांगें रखी हैं द्य रामपायली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उन्नत किया जाएद्य सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा तत्काल शुरू की जाएद्य विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियमित पदस्थापना होद्य एक्स-रे और जांच सुविधाएं नियमित रूप से चालू रखी जाएं अस्पताल में पर्याप्त स्टाफकी नियुक्ति होद्य

### जनहित में जल्द निर्णय की अपेक्षा..

क्षेत्रवासियों का मानना है कि यदि इन सुविधाओं की व्यवस्था हो जाती है तो न केवल मरीजों को समय पर इलाज मिलेगा बल्कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने में भी सहायता मिलेगी।

अब देखना यह है कि शासन और स्वास्थ्य विभाग इस गंभीर जनहित मुद्दे को कितनी प्राथमिकता देता है और कब तक रामपायली अस्पताल को आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित करता है। क्षेत्र की जनता को इस दिशा में सकारात्मक निर्णय का इंतजार है। रामपायली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सत्तारूढ़ सरकार से अनुरोध किया है कि यहां समस्त रोगों का सुलभता से ईलाज मिले ऐसी मांग करने वालों प्रतिष्ठित नागरिक सरपंच संदीप वाघमारे बीडीसी जगदीश बंसोड़ मुन्नूदुबे चैन सिंह बैस रजनीश नकासे, श्रीमती गीता अग्रवाल श्रीमती गीता हनवत श्रीमती माधुरी बैस, श्रीमती उषा शेंडें श्रीमती वीणा शुक्ला नरेंद्र सिंह चौहान राजेन्द्र सिंह चौहान श्रीमती अर्चना चौहान श्रीमती सुनीता बैंस विजय राऊत विजय ओचानी, अमित सिंह बैस योगेश देडे रामकिशोर अग्रवाल दामोदर अग्रवाल केवल शिवहरे किरण सिंह बैस प्रशांत सिंह बैस पवन राऊत आदि हैं।

## थाना चांगोटोला पुलिस की कार्रवाई

# मारपीट के प्रकरण में 09 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार..




जगप्रेरणा चांगोटोला।

***पुलिस अधीक्षक, बालाघाट महोदय द्वारा स्थाई वारंटियों एवं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।***

उक्त निर्देशों के पालन में थाना चांगोटोला पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए मारपीट के प्रकरण में पिछले 09 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थाना चांगोटोला के अपराध क्रमांक 106/2014, धारा 294, 323, 324, 506(बी) भादवि का आरोपी राजेन्द्र परते उम्र 48 वर्ष निवासी मोहगांव, चांगोटोला घटना, दिनांक से लगातार फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु लगातार तलाश की जा रही थी । आज दिनांक 08.04.2026 को प्राप्त सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु परीक्षा 19 अप्रैल को, 9 अप्रैल से मिलेंगे प्रवेश पत्र..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***कार्यालय आयुक्त, अनुसूचित जाति विकास, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार जबलपुर संभाग स्तर पर संचालित ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय,***

जबलपुर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्रीमती शकुंतला डामोर ने इस सम्बंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह परीक्षा 19 अप्रैल 2026 को जिला मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, बालाघाट में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रवेश पत्र जारी करने की तिथि 09 अप्रैल 2026 से 19 अप्रैल 2026 तक निर्धारित की गई है।

परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अभ्यर्थी कार्यालय सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग, कक्ष क्रमांक 207, कलेक्टोरेट बालाघाट में संपर्क कर सकते हैं। सहायक आयुक्त श्रीमती डामोर ने सभी पात्र विद्यार्थियों से समय पर प्रवेश पत्र प्राप्त कर परीक्षा में शामिल होने की अपील की है।

# भिण्ड में सम्मानित हुए कवि संजय अश्क और शैलेश शैल



जगप्रेरणा बालाघाट।

***मप्र के भिण्ड जिले में आयोजित सम्मान समारोह और कवि सम्मेलन में जिले के नामचीन विद्रोही कवि संजय अश्क और व्यंग्यकार शैलेश शैल को प्रशस्ति पत्र और शाल देकर सम्मानित किया गया।***

इस अवसर पर कवि सम्मेलन भी आयोजित किया गया। जहां बालाघाट के कवियों ने एक से बढ़कर एक रचनाओं से सबको कायल कर दिया। 6 अप्रैल को मनकाबाग भिण्ड में संस्कार वैली हायर सेकंडरी स्कूल के तत्वावधान में सालाना जलसे में स्कूल संचालिका प्रियंका गोयल और कवि व समाजसेवी नरेश बौद्ध के संयोजन में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया था। जहां महाराष्ट्र से सुदामा अक्रांत, उत्तर प्रदेश और मप्र से वरिष्ठ और नामी कवियों ने शिरकत कर कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

गौरतलब हो की संजय अश्क के तीन काव्यसंग्रह पुर्व में प्रकाशित हो चुके हैं।और देश के विभिन्न दैनिक, साप्ताहिक और मासिक समाचार पत्र पत्रिकाओं में उनकी रचनाएं प्रकाशित होती रहती है। उनके तीखे तेवर और वर्तमान हालात पर उनकी सदी रचनाएं श्रोताओं को खूब पसंद आती है।

# उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में कक्षा 9वीं में प्रवेश की अंतिम तिथि 13 अप्रैल

जगप्रेरणा बालाघाट।

***शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट में कक्षा नवमीं में प्रवेश के लिए चयनित छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 13 अप्रैल 2026 निर्धारित की गई है। प्रभारी प्राचार्य श्री शरद ज्योतिषी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश प्रक्रिया 17 मार्च 2026 से प्रारंभ हो चुकी है।***

उन्होंने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा स्क्ख्ह्स के माध्यम से 8 फरवरी 2026 को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसका परिणाम 9 मार्च 2026 को जारी किया गया। चयन सूची स्क्ख्ह्स एवं विद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

प्रथम चयन सूची में शामिल छात्र-छात्राओं को 13 अप्रैल 2026 तक, कार्यालयीन दिवसों में दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच विद्यालय से प्रवेश फॉर्म प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करना अनिवार्य है। आवश्यक दस्तावेजों में प्रवेश परीक्षा की अंकसूची (प्रिंट आउट), समग्र आईडी, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं निर्धारित शुल्क शामिल हैं।

प्राचार्य श्री शरद ज्योतिषी ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि के बाद प्रथम सूची के विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। वहीं, रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची के आधार पर 15 अप्रैल 2026 से प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे।।
मो। 9329033433




## कार्यालय नगर परिषद कटंगी जिला - बालाघाट (म0प्र0)

क्रमांक / 29 / रा. वि. / न. पा0 / 2026 — कटंगी, दिनांक - 06.04.2026

### ।। द्वितीय ई-निविदा सूचना ।।

दुकानों के अंतरण किये जाने की निविदा सूचना

| क्र. | टेण्डर आई.डी. | दुकान क्र. | दुकान का क्षेत्रफल (वर्गफीट) | सरकारी बोली/न्यूनतम बोली | अमानत राशि अर्नेस्ट मनी (1%) | निविदा प्रपत्र मुल्य | दुकान के आरक्षण की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | 2024_UAD_372504_2 | 01 | 10X15 | 12,00,000/- | 12,000/- | 2000/- | अनारक्षित |
| 6 | 2024_UAD_372513_2 | 06 | 10X15 | 12,00,000/- | 12,000/- | 2000/- | अनारक्षित |
| 7 | 2024_UAD_372514_2 | 07 | 10X15 | 12,00,000/- | 12,000/- | 2000/- | अ0पि0व0 |

1 - प्रत्येक निविदाकार शासन व्दारा जारी केन्द्रीय पंजीकृत प्रणाली के पोर्टल की बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in मे पंजीकृत होना अनिवार्य है । जिस नाम से आई0डी0 होगी उसी नाम से निविदा आफर प्रस्तुत किया जावेगा। 2 - निविदा प्रपत्र की खरीदी ऑनलाईन बेवसाईट https://www.mptenders.gov.in में आनलाईन पेमेन्ट एवं पोर्टल सर्विस चार्ज के व्दारा दिनांक 06.04.2026 साय. 5.30 बजे तक खरीदे जा सकते है। 3 - निविदा आंनलाईन जमा करने की दिनांक 06.04.2026 समय सायं 5:30 बजे से दिनांक 13.04.2026 सायं 5:30 बजे तक है। 4 - निविदा फार्म खोलने की दिनांक 15.04.2026 दोपहर 12:00 बजे से है। 5 - निविदा मे संशोधन केवल बेवसाईट पर देख सकते है, अखबारो मे इसका कोई प्रकाशन नही किया जावेगा ।

नोट :- यह केवल संक्षिप्त निविदा सूचना है निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिये नगर परिषद कटंगी बालाघाट के कार्यालय राजस्व शाखा मे कार्यालयीन दिवस एवं समय पर देखी जा सकती है ।

अध्यक्ष,
नगर परिषद कटंगी
जिला - बालाघाट (म. प्र.)

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कटंगी
जिला - बालाघाट (म.प्र.)



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी

मो. 7697505999

जग प्रेरणा

लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है.. संपर्क - 9329033433

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किरनापुर क्षेत्र के ग्रामों में जल गुणवत्ता जांच व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित..



जगप्रेरणा किरनापुर।

*विकासखंड किरनापुर के ग्राम सिवनीकला में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और जन जागरूकता बढ़ाने के*

उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, बालाघाट द्वारा संचालित किया गया। अभियान के तहत ग्राम पंचायत, स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों में फील्ड टेस्टिंग किट **(FTK)** के माध्यम से पेयजल स्त्रोतों के जल नमूनों का मौके पर ही परीक्षण किया गया।

एफटीके यूजर्स द्वारा क्लोरीन, आयरन, फ्लोराइड एवं पीएच जैसे प्रमुख मानकों की जांच कर ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सरपंच, सचिव, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, स्व-सहायता समूह की महिलाएं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि वे स्वयं भी जल गुणवत्ता की नियमित जांच कर सकें। अधिकारियों ने बताया कि यदि किसी जल नमूने में दूषित तत्व पाए जाते हैं, तो उसे विस्तृत जांच के लिए निकटतम जिला या ब्लॉक स्तरीय प्रयोगशाला में भेजा जाएगा।

इसके साथ ही सरपंच, ग्रामीणजन, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग के पर्यवेक्षक एवं समूह की महिलाओं द्वारा जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता संदेश दिया गया। प्रशिक्षण के पश्चात ग्राम पंचायतों को **FTK** किट वितरित की गई, ताकि गांवों में नियमित रूप से जल स्त्रोतों की जांच की जा सके।

इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड से ब्लॉक समन्वयक रानी सिंह राजपूत, श्रुति गजभिये एवं खंड कार्यालय से पीएमयू के हरीश झा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल के महत्व एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

# रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन धड़ल्ले से जारी, ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त कर थाने में अभिरक्षा में रखा..





जगप्रेरणा लांजी।

*लांजी क्षेत्र के रेत घाटो में प्रतिबंध के बावजूद भी रेत माफियाओं के द्वारा लगातार रेत का अवैध रूप से खनन एवं परिवहन किया जा रहा है।*

इन रेत माफियाओं को मानो कार्यवाही का कोई डर ही नही है क्योंकि यह बेखौफ होकर सुबह शाम रात तक क्षेत्र की नदी नालो को छलनी करते दिखाई दे सकते है। बीते कुछ दिनों पूर्व ही खनिज विभाग के द्वारा सोन नदी रेत घाट से 4 ट्रैक्टर जप्त कर कार्यवाही की गई थी इसके पूर्व किरनापुर तहसीलदार के द्वारा पौनी रेत घाट पर कार्यवाही कि गई थी। उसके बावजूद भी रेत माफियाओं में उक्त कार्यवाही का कोई डर नही दिखाई देता तथा धडल्ले से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन करते देखे जा सकते है।

इसी रेत की अवैध खनन एवं परिवहन की शिकायत पर लांजी पुलिस के द्वारा 8 अप्रैल को 01 ट्रैक्टर को जप्त पुलिस थाना लांजी लाकर अभिरक्षा मे लेकर खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। इस संबध पुलिस ने बताया कि मुखबिर के द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी एक व्यक्ति अपने सिल्वर रंग के आयशर ट्रैक्टर ट्रॉली में अवैध रेत का परिवहन कर रहा है जो कुछ समय पश्चात सोनेसराड़ रेत घाट से निकलने वाला है।

सूचना की तस्दिक करने पर पुलिस के द्वारा मुखबिर के बताये अनुसार सोनेसराड़ पंहुचा जहां कुछ समय पश्चात सोन नदी की ओर से सिल्वर रंग का ट्रैक्टर ट्रॉली नदी की ओर से आते दिखाई दिया जो ट्रैक्टर का चालक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा जिसे पुलिस के द्वारा रोका गया एवं ट्रैक्टर की ट्रॉली की जांच की गई जिसमे रेत भरी हुई थी। चालक को उक्त रेत परिवहन को लेकर वैद्य रायल्टी दस्तावेज के संबध में पुछा गया तो नही होना बताया गया। वाहन चालक का नाम पता पुछने पर अपना विरेन्द्र पिता कपूरचंद कालबेले निवासी कोसमारा होना बताया एवं वाहन क्रमांक एमपी 50 एए 5521 होना बताया। जो वाहन चालक विरेन्द्र कालबेले के द्वारा बिना रायल्टी दस्तावेज के रेत परिवहन करना पाया गया। लांजी पुलिस के द्वारा तत्संबध में अपराध 17/26 धारा 303-2, खान एवं खनिज विकास का विनीयमन अधिनियम 1957, धारा 4/21 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# महिला ने पति के खिलाफ की दहेज प्रताड़ना की शिकायत..

## पुलिस ने किया अपराध दर्ज..

जगप्रेरणा लांजी।

*लांजी पुलिस के द्वारा 8 अप्रैल को पीडिता के कथन लेख कर दहेज प्रताडऩा संबधी आरोप में मामला पंजीबद्ध किया गया है। जिसमें प्रार्थियाॅ ने अपने पति महेश लिल्हारे पर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।*

पीड़िता ने बताया मेरा विवाह सामाजिक रीति रिवाजों के साथ मीरिया निवासी महेश लिल्हारे के साथ 2022 में हुआ था। हमारे दांपत्य जीवन से एक 2 वर्ष की पुत्री है। विवाह में मेरे पिताजी के द्वारा अपनी हैसियत के अनुसार दहेज आदि का सामान दिया गया था।

विवाह के 1 वर्ष तक मेरे पति एवं ससुराल पक्ष के लोगो ने मुझे अच्छे से रखा गया उसके बाद से मेरे पति महेश मुझे कहने लगे की शादी में तेरे पिताजी ने कम दहेज दिया है और मैने मोटर सायकल मांगी थी वह भी तुम्हारे पिताजी ने नही दिया। इस बात को लेकर हमेशा मुझे शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताडित कर मारपीट करते आ रहे है। इन सभी से परेशान होकर मै अपने माता पिता से पैसे मांग कर अपने पति को देती थी लेकिन उसके बाद भी मेरे पति मुझे मायके से और रूपये पैसे तथा होण्डा शाईन मोटर सायकल लाने के लिये प्रताड़ित करते थे। जिससे तंग आकर मै दिसंबर माह में अपने मायके चली गई थी तथा सारी बातें अपने माता पिता एवं भाई को बताई फिर सभी ने एक सामाजिक चौपाल ग्राम में आयोजित की जिसमें मेरे पति और ससुर भी आये बैठक में समझाईश देने के बाद मै वापस अपने ससुराल आ गई।

कुछ दिनो तक ठीक रहने के बाद मेरे पति मुझे दोबारा से मारपीट और दहेज के लिये प्रताडित करने लगे जिससे तंग आकर मै अपनी 2 वर्ष की पुत्री के साथ 4 अप्रैल 2026 को अपने मायके आकर रहने लगी तथा 8 अप्रैल को पुलिस थाना लांजी पंहुचकर पति महेश लिल्हारे के विरूद्ध शिकायत दर्ज करवाई गई है। लांजी पुलिस ने पीडिता के कथन लेख कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 18/26 धारा बीएनएस 2023, 85, 296-बी, 115-2 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।





# नगर परिषद के निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का अभाव

## वार्ड पार्षदों के शिकायत के बाद भी अधिकारियों का नहीं है ध्यान..



जगप्रेरणा लांजी।

*नगर परिषद लांजी के अंतर्गत सभी वार्डों में निर्माण कार्य जोरों पर है किन्तु सभी निर्माण कार्यों में भारी गुणवत्ता की कमी साफ नजर आती है।*

हर निर्माण कार्य की कोई न कोई शिकायत करते नजर आता है किन्तु अधिकारी द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वार्ड पार्षदों द्वारा लिखित शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होना नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाते हैं।

ऐसी ही एक शिकायत वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद व सभापति राजस्व किशोर रामटेक्कर ने की। किशोर रामटेक्कर ने सीएमओ के नाम लिखित शिकायत करते हुए बताया कि वर्तमान में वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 में गट्टू लगाए जाने का कार्य ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है। यहां ठेकेदार द्वारा ठीक से खुदाई ना कर बिना ठीक से बेस बनाए गट्टू लगाए जा रहे हैं। धूल युक्त रेत का उपयोग किया जा रहा है। ठीक से बेस नहीं बनाए जाने के कारण वाहनों के चलते ही गट्टू बैठ जायेंगे। पूर्व में किए गए कार्यों को देखा जाए तो अनेक जगह ऐसे नजारे देखने को मिल जाएंगे। आपने यह भी कहा कि शिकायत के बावजूद ठेकेदार के द्वारा गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आपने नगर पालिका अधिकारी से इसकी जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# लांजी बस स्टैंड में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा, गश्त बढ़ाने की मांग..





जगप्रेरणा लांजी।

*नगर मुख्यालय में स्थित लांजी बस स्टैण्ड में इन दिनों असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढते ही जा रहा है जिसके चलते अनेको घटनाऐं सामने आ रही।*

इसी संबध में लांजी एस कुमार्स बस सर्विस के संचालक कपिल अग्रवाल के द्वारा पुलिस थाना लांजी में एक लिखीत शिकायत प्रस्तुत की गई जिसमे उन्होने बताया कि हमारी कंपनी की बसें रोजाना रात्रि में लांजी बस स्टैण्ड में खड़ी रहती है। इन्ही खड़ी बसों से कुछ अज्ञात असमाजिक तत्वों के द्वारा बसों से चाबियाॅ चोरी कर ली गई है। शिकायत में बताया गया बस स्टैण्ड में खड़ी बसो में क्रमशः एमपी 50 पी 2568,ख् एमपी 50 पी 2968, एमपी 50 पी 6868, एमपी 50 पी 0309 से अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा 7 अप्रैल की मध्य रात्रि में चाबियाॅ चुरा ली गई है। जिससे बसों के निर्धारित समय पर संचालन करने मे अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ा क्योंकि बसो की चाबिया चोरी होने से बसे शुरू नही हो पाई। जब चालक अपनी अपनी बसो के पास पंहुचे तब ज्ञात हुआ की बसो से चाबी गायब है। जिसकी सूचना बस मालिक को दी गई। बतादें की बस स्टैण्ड परिसर में रात भर असमाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है इन्ही में से किसी के द्वारा यह कृत किया गया होगा ऐसा अंदेशा लगाया जा सकता है। बहरहाल बस स्टैण्ड परिसर में सीसीटीव्ही कैमरे भी लगे हुये है जिसे भी पुलिस के द्वारा खंगाला जायेगा जिसमें ज्ञात हो सकता है कि किसके द्वारा चाबी चोरी की गई है। प्रशासन से भी इस संबध में निवेदन किया गया है बस स्टैण्ड सहित अन्य स्थानो पर रात्रि में पुलिस विशेष रूप से गश्त करे ताकि इस प्रकार की घटनाऐं दोबारा ना हो।





**ग्राम पंचायत कटंगी जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश**

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 08/04/2026

**।। निविदा सुचना ।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कटंगी जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड, जिला पंचायत फंड, वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री, टाइल पानी टैंकर, मिक्सर मशीन, सेंट्रिंग, वाइब्रेटर, दरवाजे, खिड़की, इलेक्ट्रॉनिक सामग्री, कंप्यूटर सामग्री, सीमेंट कुर्सी, प्लास्टिक कुर्सी, व्हील चेयर, टेबल पेवर, ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री, फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 09 अप्रैल 2026 से 15 अप्रैल 2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय में ग्राम पंचायत कटंगी में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

सरपंच – महेन्द्र कुमार बोरकर  
उपसरपंच – बाबूलाल वाघाड़े  
सचिव – युगल किशोर कलपुरे

सह . सचिव - हरीश आसटकर एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कटंगी जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

**ग्राम पंचायत देवरबेली जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश**

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 09/04/2026

**।। निविदा सुचना ।।**

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत देवरबेली जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 मे जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त,स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा, गिट्टी, रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 08/04/2026 से 12/04/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

सरपंच – सुरेन्द्र सिंह मरावी  
उपसरपंच – श्रीमति सुनीता मरकाम  
सचिव – भगवानदास गजबे

सहा. सचिव - राजेंद्र सिंह धुर्वे एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत पंचायत देवरबेली लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।





जग प्रेरणा

# खेल / मनोरंजन

● क्रिकेट ● हॉकी ● बैडमिंटन ● टेबल टेनिस ● फुटबॉल ● वॉलीवाल ● शतरंज ● कराटे ● एथलेटिक्स



## एलएसजी के खिलाफ व्यापक बदलाव कर सकता है केकेआर..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*लय हासिल करने के लिए जूझ रही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुरुवार को यहां लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ होने वाले मैच में सत्र की पहली जीत हासिल करने के लिए अपनी अंतिम एकादश में व्यापक बदलाव कर सकती है।*

केकेआर के लिए वापसी करना आसान नहीं होगा क्योंकि उसका सामना मोहम्मद शमी जैसे तेज गेंदबाज से होगा जिन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में चार ओवर में नौ रन देकर दो विकेट लिए थे। उन्होंने लगातार ओवरों में अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड को आउट किया था। घरेलू क्रिकेट में बंगाल की तरफ से खेलने वाले शमी यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। वह सीधी सीम गेंदबाजी और गेंद की स्विंग कराने में माहिर हैं तथा वह ईडन गार्डन्स की परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। केकेआर ने अभी तक तीन मैचों में जीत हासिल नहीं की है।

यहां की पिच तेज गेंदबाजों के लिए मददगार हो सकती है। बारिश के कारण रद्द कर दिए गए पिछले मैच में पंजाब किंग्स के ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट ने दिखाया कि अधिक घास वाली पिच पर सीधी सीम गेंदबाजी कितनी प्रभावी हो सकती है। उन्होंने तीन गेंद के अंदर फिन एलन और कैमरन ग्रीन को आउट करके केकेआर के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया था। केकेआर भाग्यशाली रहा कि यह मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। इससे उसने अंक तालिका में अपना खाता भी खोला।

पश्चिमी बंगाल के गंगा वाले क्षेत्र से लेकर मन्नार की खाड़ी तक निम्न दबाव बनने के कारण यहां पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। बुधवार देर रात और गुरुवार की सुबह बारिश होने की संभावना है। हालांकि मैच शाम 7:30 बजे से शुरू होने के कारण इस पर ज्यादा असर पड़ने की संभावना नहीं है। केकेआर के लिए शमी पावरप्ले में बड़ा खतरा साबित होंगे। उनके अलावा तेज गेंदबाज प्रिंस यादव और मिस्ट्री स्पिनर दिग्वेश राठी का सामना करना भी आसान नहीं होगा। एलएसजी की ताकत उनकी पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी करना है। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद दोनों के खिलाफपावरप्ले में शानदार प्रदर्शन किया था।



केकेआर ने अभी तक अजिंक्य रहाणे और फिन एलन की सलामी जोड़ी को आजमाया है जो अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पाए। वह इस मैच में एलन और टिम सीफर्ट की न्यूजीलैंड की जोड़ी को आजमा सकते हैं। न्यूजीलैंड के एक अन्य खिलाड़ी रचिन रविंद्र भी मध्य क्रम में जगह बनाने के दावेदार हैं। इससे केकेआर को स्पिन का एक अतिरिक्त विकल्प भी मिल जाएगा। केकेआर की सबसे बड़ी चिंता सुनील नारायण (आठ ओवर में 69 रन देकर एक विकेट) और भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का खराब प्रदर्शन रहा है, जिन्होंने अभी तक एक भी विकेट नहीं लिया है।

यह दोनों खिलाड़ी पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में अस्वस्थ होने के कारण टीम में शामिल नहीं थे। इन दोनों की अंतिम एकादश में वापसी हो सकती है जबकि मिस्ट्री स्पिनर दक्ष कामरा को भी मौका मिल सकता है। केकेआर के लिए एक और चिंता का विषय कैमरन ग्रीन का नहीं चल पाना है जिन्हें उसने 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। वह केवल बल्लेबाज के रूप में खेल रहे हैं लेकिन अभी तक तीन मैच में 18, दो और चार रन ही बना पाए हैं।

जहां तक एलएसजी का सवाल है तो उसकी टीम पिछले मैच में जीत दर्ज करने से आत्मविश्वास से भरी होगी। उसके कप्तान ऋषभ पंत ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए पिछले मैच में नाबाद 68 रन बनाए थे और वह अपनी इस फॉर्म को जारी रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। एलएसजी की टीम में पंत के अलावा शीर्ष तीन में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श और दक्षिण अफ्रीका के एडन मारक्रम भी शामिल हैं। वह केकेआर के गेंदबाजों पर शुरू से ही हावी होने की कोशिश करेंगे।

### टीम इस प्रकार हैं:

**केकेआर:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, सुनील नारायण, रमनदीप सिंह, अनुकूल रॉय, वरुण चक्रवर्ती, वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक, कैमरून ग्रीन, फिन एलन, मथीशा पथिराना, तेजस्वी सिंह, कार्तिक त्यागी, प्रशांत सोलंकी, राहुल त्रिपाठी, टिम सीफर्ट, सार्थक रंजन, दक्ष कामरा, रचिन रवींद्र, ब्लेसिंग मुजाराबानी, सौरभ दुबे और नवदीप सैनी.

**एलएसजी:** ऋषभ पंत (कप्तान), मिचेल मार्श, एडेन मारक्रम, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, मुकुल चौधरी, अक्षत रघुवंशी, जोश इंग्लिस, निकोलस पूरन, अब्दुल समद, शाहबाज़ अहमद, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, मोहम्मद शमी, अवेश खान, एम सिद्धार्थ,

दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, प्रिंस यादव, अर्जुन तेंदुलकर, एनरिक नोर्किया, नमन तिवारी, मयंक यादव, मोहसिन खान।

## जायसवाल का अर्धशतक, रॉयल्स ने मुंबई इंडियन्स को 27 रन से हराकर जीत की हैट्रिक बनाई...

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के धमाकेदार अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के वर्षा से प्रभावित 11 ओवर के मैच में मंगलवार को यहां मुंबई इंडियन्स को 27 रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और छह अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई।*

बारिश के कारण मुकाबला दो घंटे और 40 मिनट के विलंब से शुरू किया जिसके कारण इसे 11 ओवर का कर दिया गया। रॉयल्स के 151 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी और नौ विकेट पर 123 रन ही बना सकी। मुंबई की ओर से नमन धीर (25) और शेरफेन रदरफोर्ड (25) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए।

रॉयल्स की ओर से नांद्रे बर्गर (21 रन पर दो विकेट), रवि बिश्नोई (25 रन पर दो विकेट) और संदीप शर्मा (26 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। जायसवाल ने इससे पहले 32 गेंद में चार छक्कों और 10 चौकों से नाबाद 77 रन की पारी खेलने के अलावा वैभव सूर्यवंशी (39 रन, 14 गेंद, पांच छक्के, एक चौके) के साथ पांच ओवर में 80 रन जोड़े जिससे रॉयल्स ने तीन विकेट पर 150 रन बनाए। मुंबई की ओर से स्पिनर अल्लाह गजनफर सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 21 रन देकर दो विकेट चटकाए। शारदुल ठाकुर ने भी 36 रन देकर एक विकेट हासिल किया।



लक्ष्य का पीछा करने उतरे मुंबई की शुरुआत खराब रही और टीम ने तीसरे ओवर में 22 रन तक ही तीन विकेट गंवा दिए। टीम ने पहले ही ओवर में रेयान रिकेल्टन (08) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने जोफ्रा आर्चर की गेंद को हवा में लहराकर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को कैच थमाया। कप्तान सूर्यकुमार यादव (06) ने तेज गेंदबाज बर्गर पर छक्का जड़ा लेकिन फिर आर्चर को कैच दे बैठे जबकि संदीप शर्मा ने सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा (05) को पगबाधा करके मुंबई को तीसर झटका दिया।

मुंबई की टीम पावर प्ले के 3.2 ओवर में तीन विकेट पर 30 रन ही बना सकी। बिश्नोई ने कप्तान हार्दिक पंड्या (09) और तिलक वर्मा (14) को चार गेंद के भीतर आउट करके मुंबई का स्कोर पांच विकेट पर 46 रन किया। नमन और रदरफोर्ड ने पारी को संभाला लेकिन सिर्फ हार के अंतर को कम कर पाए। रदरफोर्ड ने देशपांडे पर दो छक्के मारे लेकिन फिर स्लिप में संदीप को कैच दे बैठे।

नमन ने भी इसके बाद बर्गर की गेंद पर बिश्नोई को कैच थमा दिया। इससे पहले हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद जासयवाल और सूर्यवंशी ने रॉयल्स को तूफानी शुरुआत दिलाते हुए 3.2 ओवर के पावर प्ले में बिना विकेट खोए 59 रन जोड़े। जायसवाल ने दीपक चाहर के पहले ही ओवर में चार चौकों और एक छक्के से 22 रन जोड़े जबकि सूर्यवंशी ने अगले ओवर में जसप्रीत बुमराह पर दो छक्के मारे।

जायसवाल ने तीसरे ओवर में ट्रेंट बोल्ट पर तीन छक्कों से 22 रन जुटाकर टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। सूर्यवंशी ने पांचवें ओवर में शारदुल ठाकुर पर दो छक्के और एक चौका मारा लेकिन अंतिम गेंद पर डीप कवर बाउंड्री पर तिलक वर्मा को कैच दे बैठे। गजनफर ने ध्रुव जुरेल (02) को पगबाधा करके रॉयल्स को दूसरा झटका दिया।

जासवाल ने पंड्या पर चौके के साथ 23 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। कप्तान रियान पराग (20) ने पंड्या और गजनफर पर छक्के मारे लेकिन फिर इस स्पिनर की गेंद पर तिलक के हाथों लपके गए। जायसवाल ने पारी के अंतिम ओवर में शारदुल पर तीन चौकों के साथ टीम का स्कोर 150 रन तक पहुंचाया।


सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग

सबसे कम कीमत पर

समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..

जगप्रेरणा ग्राफिक्स

गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433




## एक डॉक्टर, जिसकी 8 सालों की मिट गई यादें, सच्ची घटना पर आधारित शो, इटली की पॉपुलर सीरीज का है रीमेक..

डेस्क जगप्रेरणा।

*'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' से लेकर 'अनुपमा' तक, टीवी पर कुछ शोज ने लंबे समय से कब्जा जमा रखा है। इन शोज को टक्कर देने के लिए अब एक नया सीरियल दर्शकों के बीच आ गया है,*



जो कि सच्ची घटना पर आधारित है। इस शो का नाम है 'हुई गुम यादें - एक डॉक्टर, दो जिंदगियां', जिसका पहला एपिसोड सोनी सब पर 6 अप्रैल रात 8 बजे प्रसारित हुआ। ये शो ग्लोबल लेबल पर सराही गई इटली की चर्चित सीरीज 'डीओसी(डॉक)' का हिंदी रूपांतरण है, जिसकी कहानी ने लाखों दर्शकों के दिल जीते थे और अब इसका हिंदी रीमेक दर्शकों के बीच दस्तक दे चुका है। इस शो की कहानी हिम्मत, नए सिरे से जीने की कोशिश और जिंदगी में मिलने वाले दूसरे मौकों के इर्द-गिर्द घूमती है।

### 'हुई गुम यादें – एक डॉक्टर, दो जिंदगियां' की कास्ट..

इस शो में मशहूर एक्टर इकबाल खान, गुलकी जोशी और सृष्टि सिंह जैसे कलाकार लीड रोल में नजर आएंगे।

'यादें' की कहानी एकमेडिकल पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें एक डॉक्टर अपनी 8 सालों की यादें खो देता है और अपने अतीत से जूझते हुए अपनी पहचान और मकसद को फिर से तलाश करता है। इस शो में इकबाल खान एक डॉक्टर की भूमिका में नजर आने वाले हैं, जिसका नाम है देव मेहता।

### 'हुई गुम यादें – एक डॉक्टर, दो जिंदगियां' की कहानी..

इकबाल खान स्टारर 'हुई गुम यादें ङ्क एक डॉक्टर, दो जिंदगियां' की कहानी डॉ. देव मेहता (इकबाल खान) के इर्द-गिर्द घूमती है। देव एक होनहार डॉक्टर है, जिसकी जिंदगी एक हादसे के बाद पूरी तरह बदल जाती है। इस हादसे के चलते देव अपनी 8 सालों की याद खो देता है। अपने अतीत की यादें खोने के बा देव एक नए और अनजाने रास्ते पर चल पड़ता है।

इसके बाद एक गहरी और भावनात्मक कहानी की शुरुआत होती है। जहां अपने 8 सालों की यादें खोने के बाद देव फिर अपने करियर को संवारने की कोशिश में जुट जाता है, वहीं अपने टूटे हुए रिश्तों को जोड़ने की जद्दोजहद भी करता है।

### एक्स वाइफ के किरदार में गुलकी जोशी..

सीरीज में गुलकी जोशी सृष्टि का किरदार निभा रही हैं, जो देव की पूर्व पत्नी है। सृष्टि भी एक डॉक्टर है, जो अपने बच्चों की परवरिश के लिए अपने मेडिकल करियर को पीछे छोड़ चुकी है और अब हॉस्पिटल का मैनेजमेंट संभालती है। देव अपनी याददाश्त खो चुका है और सृष्टि के साथ टूटे रिश्ते का चैप्टर भी उसके जहन से मिट चुका है।

देव की यादें जाने के बाद सृष्टि को उसमें ऐसा रूप देखने को मिलता है, जिसे वह खो चुकी थी। इस शो में सृष्टि सिंह भी अहम रोल में हैं, जो वाणी का किरदार निभा रही हैं। वाणी एक महत्वाकांक्षी रेज़िडेंट डॉक्टर, जो कभी देव को अपना आदर्श मानती थी। इस नए चैप्टर में वाणी, देव की सबसे करीबी साथी बन जाती है।

## 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के टप्पू का होगा कमबैक, मिल गया नया शो, पॉपुलर एक्टर को रिप्लेस करके बनाई अपनी जगह..

डेस्क जगप्रेरणा।

*'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' टीवी इंडस्ट्री के सबसे पॉपुलर शोज में से एक है। ये शो करीब 18 सालों से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है और अभी भी टीआरपी चार्ट पर टॉप पर अपनी जगह बनाए रहता है।*



आज भी ये शो दर्शकों का फेवरेट बना हुआ है। हालांकि, बीते सालों में इस शो के कई कलाकार इसका साथ छोड़ चुके हैं, जिनमें से एक राज अनादकत भी हैं। राज अनादकत 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में टप्पू सेना के लीडर टप्पू की भूमिका निभाते थे। इस किरदार ने उन्हें जबरदस्त लोकप्रियता दिलाई, लेकिन कुछ ही सालों में उन्होंने इस टीवी शो से दूरी बना ली। अब राज अनादकत एक बार फिर सुर्खियों में हैं, जल्दी ही वह टीवी पर वापसी कर रहे हैं और वो भी बेहद धमाकेदार अंदाज में।

### राज अनादकत का टीवी पर कमबैक..

राज अनादकत सोनी सब के एक शो से कमबैक कर रहे हैं, जिसमें वह लीड रोल में दिखाई देंगे। इस शो के साथ राज एक फ्रेश जर्नी शुरू कर रहे हैं और इसे लेकर वह बेहद खुश भी हैं। राज अनादकत के फैंस भी उन्हें टीवी पर देखने को लेकर काफी उत्साहित हैं। हालांकि, अभी खुद राज अनादकत ने इसे लेकर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन एक्टर के फैंस जरूर इस चर्चा से फूले नहीं समा रहे हैं।

### अविनाश मिश्रा थे मेकर्स की पहली पसंद..

बताया जा रहा है कि इस शो के लिए पहले मेकर्स की पसंद 'बिग बॉस' फेम अविनाश मिश्रा थे। बिग बॉस के दौरान अविनाश अपनी पर्सनैलिटी को लेकर काफी चर्चा में रहे। वहीं पिछले दिनों खबर आई कि अविनाश मिश्रा सोनी सब के इस नए प्रोजेक्ट का हिस्सा होंगे, लेकिन किसी वजह से बात नहीं बन पाई और अब मेकर्स ने आखिरी वक्त पर अपना फैसला बदलकर राज अनादकत को इस शो के लिए चुन लिया है। इस शो में राज अनादकत लीड रोल में नजर आएंगे, जिसे लेकर उनके फैंस और भी ज्यादा उत्साहित हैं।

दूसरी तरफ रिप्लेसमेंट की खबरों ने सोशल मीडिया पर राज अनादकत और अविनाश मिश्रा के फैंस के बीच बहस छेड़ दी है।

### क्यों छोड़ा तारक मेहता का उल्टा चश्मा?

राज अनादकत ने करीब 5 साल तक 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में काम किया और इस दौरान करीब 1000 एपिसोड्स के लिए शूटिंग की, लेकिन फिर उन्होंने ये शो छोड़ दिया और फिर उन्होंने अपने व्लॉग के जरिए फैंस को ये शो छोड़ने की वजह बताई थी। राज अनादकत के अनुसार, उन्होंने करियर में ग्रोथ के लिए तारक मेहता का उल्टा चश्मा छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि वह अपने करियर में कुछ नया ट्राई करना चाहते थे और इसीलिए उन्होंने ये फैसला लिया। वहीं इस नए शो की बात करें तो राज अनादकत के साथ इस शो में खुशी दुबे लीड रोल में नजर आएंगी, जो टीवी और ओटीटी की दुनिया में अपनी पहचान बना चुकी हैं। हालांकि, शो के टाइटल और कहानी को फिलहाल गुप्त ही रखा गया है।

## कॉकटेल 2 का नया गाना हुआ रिलीज, मस्ती में डूबीं रश्मिका मंदाना और कृति सैनन, शाहिद ने भी जमाया रंग..

डेस्क जगप्रेरणा।

*डायरेक्टर होमी अडजानिया की फिल्म कॉकटेल 2 रिलीज की तैयारी कर रही है और 19 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। आज बुधवार को मेकर्स ने इसका नया गाना 'जब तलक' रिलीज कर दिया है। इस गाने में शाहिद कपूर, कृति सैनन और रश्मिका मंदाना अपने डांस से रंग जमा रहे हैं।*



इस गाने को अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज से सजाया है और इसे प्रीतम चक्रवर्ती ने कंपोज किया है। लिरिक्स अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और इसे होमी अडजानिया ने डायरेक्ट किया है।

### 1 घंटे में ही 1 लाख पार हो गए व्यूज..

कॉकटले 2 की रिलीज का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है और बीते दिनों इसकी घोषणा की गई थी। फिल्म कॉकटेल 2 में शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सैनन ने जमकर डांस किया है।

यूनिवर्सल म्यूजिक यूट्यूब चैनल पर कॉकटेल 2 का रिलीज हो गया है और महज 1 घंटे में ही इसे 1 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं।

फिल्म 19 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने की तैयारी कर रही है। बीते दिनों फिल्म के सेट की तस्वीरें भी सामने आती रही हैं। अब देखना होगा कि क्या ये तिकड़ी बॉक्स ऑफिस पर अपना असर छोड़ने में सफल रहती है या नहीं।

### सुपरहिट रहा था पहला पार्ट..

बता दें कि डायरेक्टर होमी अडजानिया ने साल 2012 में फिल्म कॉकटेल बनाई थी। इसमें सैफअली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी ने लीड रोल निभाया था। इसके साथ ही वमन इरानी और डिंपल कपाड़िया ने भी अहम किरादरों में अपनी एक्टिंग का समां बांधा था। कहानी लवट्रांयगल की थी। फिल्म में गौतम कपूर (सैफअली खान) को विरोनिका (दीपिका पादुकोण) से प्यार है। विरोनिका बोल्ड और बिंदास लड़की है जो अपनी जिंदगी को खुलकर जीती थी। इसके साथ ही इन दोनों की मुलाकात मीरा सेठी (डायना पेंटी) से होती है जो एक एनआरआई से शादी करके विदेश में जाती है। लेकिन उसका पति उसे बीच मंजधार में छोड़ देता है और तीनों की दोस्ती हो जाती है। तीनों की ये दोस्ती अंत में लव ट्रांयगल में फिट हो जाती है और कहानी मजा देने लगता है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी हिट रही थी। अब देखना होगा कि क्या कॉकटेल 2 भी दर्शकों को अपना दीवाना बना पाती है या नहीं।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

जग प्रेरणा
# व्यापार समाचार
शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स





## ब्याज दरें मध्यम से लंबी अवधि में कम बने रहने का अनुमान: आरबीआई गवर्नर

मुंबई, (भाषा)।

*भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को भरोसा जताया कि मुद्रास्फीति की अनुकूल स्थिति को देखते हुए ब्याज दरें मध्यम से लंबी अवधि में नीचे बनी रहेंगी।*



मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद संवाददाताओं से कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अत्यंत मजबूत है और इसमें बाहरी झटकों या प्रतिकूल परिस्थितियों से उबरने की जबरदस्त क्षमता है।

उन्होंने कहा कि देश की बुनियादी आर्थिक स्थिति बेहतर है, जिसके कारण वृद्धि को गति मिल रही है और कीमतों पर दबाव भी कम है।

गवर्नर ने कहा, ÷इस बात की पूरी संभावना है कि अल्पावधि से मध्यम अवधि में भी ब्याज दरें कम बनी रहेंगी।÷

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मौद्रिक नीति की समीक्षा करते समय अमेरिका और ईरान के बीच हुए दो सप्ताह के युद्धविराम को भी ध्यान में रखा गया है।

मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई की तरफसे रेपो दर में की गई कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती के मुकाबले बैंकों ने ऋण दरों में 0.90 प्रतिशत और जमा दरों में एक प्रतिशत से अधिक की कटौती की है, जो कि संतोषजनक है।

उन्होंने बताया कि रेपो दर और मुद्रास्फीति के बीच का अंतर (वास्तविक ब्याज दर) वर्तमान में दो प्रतिशत के उच्च स्तर पर है।

पश्चिम एशिया संघर्ष का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसका देश की ऋण वृद्धि पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा और वर्तमान में बैंकिंग प्रणाली में दिए गए कर्जों के डूबने या उनके फंसे हुए ऋण बनने को लेकर कोई जोखिम नहीं है।

इससे पहले, रिजर्व बैंक की छह-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से 'रेपो दर' को 5.25 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया। यह फैसला ईरान संघर्ष के कारण ऊर्जा आपूर्ति और व्यापार पर पड़ने वाले प्रभावों को देखते हुए लिया गया है।

रुपये की स्थिति पर उन्होंने कहा कि मुद्रा बाजार में हाल ही में उठाए गए कदम रुपये की विनिमय दर में अत्यधिक उतार-चढ़ाव को रोकने के लिए थे और ये स्थायी उपाय नहीं हैं।

आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। वहीं, चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो रिजर्व बैंक के निर्धारित दो से छह प्रतिशत के लक्ष्य के भीतर है।

## ताप विद्युत संयंत्रों में 5.5 करोड़ टन कोयले का स्टॉक, 24 दिनों के लिए पर्याप्त: सरकार

नई दिल्ली, (भाषा)।

*कोयला मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को कहा कि सात अप्रैल तक ताप विद्युत संयंत्र में लगभग 5.5 करोड़ टन कोयले का स्टॉक था जो 24 दिनों तक निर्बाध बिजली उत्पादन के लिए पर्याप्त है।*



कोयला मंत्रालय में संयुक्त सचिव संजीव कुमार कस्सी ने जोर देकर कहा कि कोयला स्टॉक का स्तर बिजली बनाने के मामले में 'बिल्कुल कोई कमी नहीं' दिखाता है जिससे गर्मियों में बढ़ती मांग के बीच संभावित कमी की चिंताओं को दूर किया जा सके।

कस्सी ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रम पर आयोजित अंतर-मंत्रालयी प्रेस ब्रीफिंग में कहा, ''मंगलवार तक बिजली संयंत्र में लगभग 5.5 करोड़ टन कोयले का स्टॉक था, जो पिछले सात दिनों की औसत खपत के आधार पर 24 दिनों तक निर्बाध बिजली उत्पादन के लिए काफी है। इसलिए बिजली बनाने के मामले में हमारे पास कोई कमी नहीं है।''

उन्होंने कहा कि घरेलू कोयला उत्पादन खपत के स्तर से मेल खा रहा है। उन्होंने कहा, ''लोगों को लगता है कि कोयला सिर्फ24 दिन के लिए है लेकिन ऐसा नहीं है। यह लगभग 24 दिन तभी चलेगा, जब कोयले की आपूर्ति पूरी तरह से बंद हो जाए।''

वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''देश में खदानों, बिजली संयंत्र, बंदरगाह और परिवहन में हमारे पास काफ़ी कोयला स्टॉक मौजूद है और इसे बहुत कम समय में उपभोक्ता को दिया जा सकता है। इसके परिवहन में हमारी मदद के लिए भारतीय रेल हमारे साथ है।''

उन्होंने कहा कि बिजली संयंत्र में स्टॉक के अलावा, कोल इंडिया की खदानों, निजी खदानों और सिंगरेनी कोलियरीज़ कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) की खदानों में भी भंडार हैं, जो कुल मिलाकर लगभग 17 करोड़ टन होता है।

उन्होंने कहा, ''इस तरह कुल मिलाकर, हमारे पास देश में लगभग 22 करोड़ टन कोयला मौजूद है।'' उन्होंने कहा कि कोयला कंपनियों को राज्य सरकारों को ज़्यादा कोयला देने और ई-नीलामी में कोयले की मात्रा बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि सभी को आराम मिले और बिना रुकावट आपूर्ति श्रृंखला बनी रहे। उन्होंने कहा, ''इससे छोटे, मध्यम और दूसरे उपभोक्ताओं के लिए कोयले की आपूर्ति का एक बेहतर तरीका बन गया है।'' उन्होंने कहा कि कोयले के ई-नीलामी की आवृति भी बढ़ा दी गई है।

## एचडीएफसी बैंक में नैतिकता, संचालन को लेकर कोई मुद्दा नहीं: आरबीआई..

मुंबई, (भाषा)।

*भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को कहा कि एचडीएफसी बैंक के निदेशक मंडल की बैठक के ब्योरे और अन्य रिकॉर्ड का पर्यवेक्षी निरीक्षण के तहत अध्ययन किया गया और निजी क्षेत्र*




के सबसे बड़े बैंक में नैतिकता और संचालन के मामले में कोई कमी नहीं पाई गई। एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती के अचानक इस्तीफे और उसके बाद बैंक के शेयर की कीमत में आई गिरावट से संबंधित एक सवाल के जवाब में आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा, ''मैं यह दोहराना चाहूंगा कि हमारी निगरानी या उनके रिकॉर्ड की जांच करने के बाद हमें संचालन या नैतिकता से संबंधित कोई महत्वपूर्ण मुद्दा नहीं मिला। नियमित निगरानी के तहत बोर्ड की बैठकों का ब्योरा भी देखा जाता है। हमें बैठक के ब्योरे की प्रतियां उपलब्ध कराई जाती हैं।''

उल्लेखनीय है कि चक्रवर्ती के इस्तीफे में नैतिकता और मूल्यों पर असहमति के अलावा कोई विशिष्ट कारण नहीं बताया गया था। बैंक के निदेशक मंडल के सदस्यों ने भी कहा कि वे इस्तीफे के कारण से 'हैरान' थे क्योंकि अतनु चक्रवर्ती ने भी अपनी चर्चाओं के दौरान किसी विशेष उदाहरण का उल्लेख नहीं किया था।

उनके इस्तीफे से मौजूदा नियमों की प्रभावशीलता पर सवाल उठे। उनके इस्तीफे के बाद बैंक के शेयर में भारी गिरावट आई थी। आरबीआई के वरिष्ठ अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि समीक्षा की कोई आवश्यकता नहीं है।

गवर्नर ने कहा, ''दिशानिर्देशों या निर्देशों में बदलाव की आवश्यकता के संबंध में, फिलहाल हमें ऐसी कोई आवश्यकता महसूस नहीं होती। हालांकि, यदि भविष्य में किसी बदलाव या नए नियम की आवश्यकता महसूस होती है और आप जानते हैं कि सेबी के पास इस संबंध में पहले से ही निर्देश हैं, तो आवश्यकता पड़ने पर हम अतिरिक्त निर्देश जारी करने में संकोच नहीं करेंगे।''

डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने कहा कि केंद्रीय बैंक नियमों में बदलाव करने के लिए तैयार है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इसमें कोई लाभ नहीं दिखता। उन्होंने कहा, ''इस समय, ऐसा कोई मामला नहीं है जिससे व्यापक सूझबूझ वाले उपाय या नियामक संशोधन की जरूरत है।''

आईडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक जैसे वित्तीय संस्थानों के साथ राज्य सरकार के खातों के संदर्भ में सामने आ रही धोखाधड़ी के मामलों पर टिप्पणी करते हुए, मल्होत्रा ने कहा कि यह साठगांठ करने वाले व्यक्तियों के एक समूह द्वारा किया गया आपराधिक गतविधियां है। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधि को रोकने के लिए किसी भी नियम में बदलाव की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने कहा, ''मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि बैंकिंग प्रणाली सुरक्षित और मजबूत है।'' स्वामीनाथन ने कहा कि ये संस्था-विशिष्ट घटनाक्रम हैं और इस समय किसी भी प्रकार का प्रणालीगत जोखिम नहीं है।

## अमेरिका - ईरान युद्धविराम के बाद सोना और चांदी के दाम में जबर्दस्त तेजी

नई दिल्ली, (भाषा)।

*अमेरिका और ईरान के दो हफ्ते के युद्धविराम पर सहमत होने के बाद मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफ बाजार में चांदी की कीमतें 11,000 रुपये बढ़कर 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं,*



जबकि सोना बढ़कर 1.56 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने कहा कि चांदी की कीमत मंगलवार के बंद स्तर 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम से 11,000 रुपये यानी लगभग पांच प्रतिशत बढ़कर 2,51,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर मिलाकर) हो गई।

वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 3,200 रुपये यानी 2.09 प्रतिशत बढ़कर 1,56,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर समेत) हो गया। पिछले बाजार सत्र में यह 1,53,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। विश्लेषकों ने कहा कि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने से सर्राफा कीमतें मजबूत हुईं, जिससे वैश्विक वित्तीय बाजार में बड़ी राहत वाली तेजी शुरू हुई।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में शोध विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि सोने में मजबूत बढ़त बनी रही और बुधवार को यह तीन हफ्ते के उच्च स्तर पर पहुंच गया, क्योंकि वैश्विक जोखिम लेने की धारणा में सुधार के साथ डॉलर और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से कीमती धातुओं की मांग बढ़ी।

यह अच्छा क्षण, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा खुद से तय की गई समयसीमा से ठीक पहले हुए एक समझौते के बाद आया, जिन्होंने होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने की शर्त पर सैन्य कार्रवाई पर रोक की पुष्टि की।

ईरान ने यह भी संकेत दिया कि युद्धविराम के दौरान जलडमरूमध्य से सुरक्षित रास्ता मुमकिन होगा, जिससे आपूर्ति की चिंताएं और कम हो जाएंगी। विदेशी बाजारों में हाजिर सोना 97.48 डॉलर यानी 2.07 प्रतिशत बढ़कर 4,803.33 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी छह प्रतिशत बढ़कर 77.33 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

मिराए एसेट शेयरखान में जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा, ''ईरान युद्ध में युद्धविराम की घोषणा के बाद बुधवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोने में तेजी आई।'' उन्होंने कहा कि युद्धविराम के घोषणा पर कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट के बाद जिंस, बॉन्ड और शेयर बाजार में तेजी आई, क्योंकि ऊर्जा दरों में गिरावट से अमेरिकी फेडरल रिजर्व समेत वैश्विक केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दर बढ़ाने के अवसर कम हो जाएंगे।

## वियतनाम की विनग्रुप महाराष्ट्र में करेगी 6.5 अरब डॉलर का निवेश: फडणवीस..

मुंबई, (भाषा)।

*महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि वियतनाम की दिग्गज कंपनी विनग्रुप अगले दो वर्षों के दौरान राज्य में 6.5 अरब डॉलर का निवेश करेगी। यह निवेश इलेक्ट्रिक वाहन, बुनियादी ढांचे, पर्यटन और मनोरंजन जैसे क्षेत्रों में किया जाएगा।*



इसके पहले एक आधिकारिक बयान में कहा गया था कि निवेश की यह राशि 8.5 अरब डॉलर होगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि विनग्रुप की इन निवेश परियोजनाओं से राज्य में लगभग 24,700 रोजगार अवसर पैदा होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में विनग्रुप, राज्य उद्योग विभाग और मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

इस अवसर पर फडणवीस ने कहा, ÷विनग्रुप सही समय और सही जगह पर निवेश कर रहा है। मुंबई और रायगढ़ क्षेत्र आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर सबसे गतिशील शहरी क्षेत्रों के रूप में उभरेंगे।÷

उन्होंने वियतनाम की कंपनी को सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया।

आधिकारिक बयान के अनुसार, विनग्रुप ने राज्य में लगभग 5,000 एकड़ क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं को विकसित करने का प्रस्ताव दिया है। इसके तहत लगभग 2,700 एकड़ में अत्याधुनिक 'स्मार्ट टाउनशिप' विकसित की जाएगी, जहां लगभग दो लाख लोगों के रहने की व्यवस्था होगी।

इलेक्ट्रिक वाहन के क्षेत्र में कंपनी बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक टैक्सी सेवा शुरू करने और पूरे राज्य में चार्जिंग नेटवर्क स्थापित करने की योजना बना रही है।

इसके अलावा, कंपनी सामाजिक बुनियादी ढांचे के तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्कूल और अस्पताल भी स्थापित करेगी।

स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए विनग्रुप 1,200 एकड़ क्षेत्र में 500 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना लगाएगी। साथ ही, राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगभग 865 एकड़ में अंतरराष्ट्रीय स्तर का थीम पार्क, चिड़ियाघर और सफारी बनाने का भी प्रस्ताव है।




व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को.. बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।

## दिल्ली सरकार का प्रवासी मजदूरों को छोटे गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के लिए विशेष शिविर लगाने का आदेश..



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

दिल्ली सरकार ने प्रवासी मजदूरों को पांच किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराने के लिए बुधवार को जिलाधिकारियों (डीएम) को विशेष शिविर लगाने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक, केंद्र सरकार ने प्रवासी मजदूर श्रेणी के तहत पांच किलोग्राम के सिलेंडरों के आवंटन में 100 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दी है जिसके बाद दिल्ली सरकार ने इन सिलेंडरों की दैनिक उपलब्धता को 684 से बढ़ाकर 1,368 कर दिया है।

बयान में कहा गया है कि इस बढ़े हुए आवंटन का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रवासी मजदूरों की अधिक संख्या वाले इलाकों में विशेष शिविर लगाएं।

ये शिविर तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) और उनके अधिकृत एलपीजी वितरकों के साथ मिलकर लगाए जाएंगे। उपभोक्ता 'आधार कार्ड' को दिखाकर ये छोटे सिलेंडर खरीद सकेंगे। इसके अलावा, जिला प्रवर्तन टीमें इस पूरी प्रक्रिया में मांग का आकलन करने और वितरण की निगरानी करने का काम करेंगी, जिससे व्यवस्था पारदर्शी, व्यवस्थित और प्रभावी बनी रहे। बयान के मुताबिक, जिन मजदूरों को गैस सिलेंडर प्राप्त करने में दिक्कत हो रही है, वे अपने क्षेत्र में शिविर लगवाने के लिए संबंधित डीएम कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# इजराइल ने मध्य बेरूत में कई हवाई हमले किए, कम से कम 89 लोगों की मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*ईरान के साथ युद्ध-विराम की घोषणा के कुछ घंटों बाद इजराइल ने बुधवार दोपहर बिना किसी चेतावनी के मध्य बेरूत के घनी आबादी वाले कई आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों पर हवाई हमले किए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इन हमलों में कम से कम 89 लोग मारे गए और 700 से अधिक घायल हुए।*

इजराइल ने कहा कि ईरान के साथ हुआ युद्ध-विराम समझौता लेबनान में तेहरान के समर्थन वाले उग्रवादी समूह हिजबुल्ला के साथ उसकी लड़ाई पर लागू नहीं होता। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी एक समाचार चैनल से बातचीत में कहा कि लेबनानी उग्रवादी समूह हिजबुल्ला की वजह से लेबनान को युद्ध-विराम समझौते में शामिल नहीं किया गया गया। हालांकि, समझौते में मध्यस्थता करने वाले पाकिस्तान ने पहले कहा था कि ईरान युद्ध में दो हफ्ते के युद्ध-विराम के तहत इजराइल अपने हमले रोक देगा।

इजराइली सेना ने मध्य बेरूत, दक्षिणी लेबनान और पूर्वी बेका घाटी में 10 मिनट के अंतराल में हिजबुल्ला के 100 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया। उसने इस कार्रवाई को मौजूदा युद्ध में सबसे बड़ा समन्वित हमला करार दिया।



बेरूत के कई हिस्सों में आसमान में धुएं का गुबार उठता दिखाई दिया। हमले में कम से कम एक आवासीय इमारत और कई वाहनों में आग लग गई। आग में फंसे लोगों को बचाने के लिए आपातकालीन दल और एंबुलेंस मौके पर पहुंचे।

समाचार एजेंसी 'एसोसिएटेड प्रेस' के संवाददाताओं को बेरूत के कॉर्निशे अल माजरा में सड़क पर और वाहनों के अंदर कई लोगों के जले हुए शव पड़े देखे। उइजराइली सेना ने कहा कि उसने मिसाइल प्रक्षेपण स्थलों, कमान केंद्रों और खुफिया बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया। उसने हिजबुल्ला पर नागरिकों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। सेना ने एक बयान में कहा, 'लेबनान और उसके नागरिकों को हिजबुल्ला को आवासीय क्षेत्रों में अपने ठिकाने और हथियार निर्माण क्षमताएं विकसित करने से रोकना होगा।'

हमलों से पहले हिजबुल्ला के एक पदाधिकारी ने 'द एसोसिएटेड प्रेस' से नाम न जाहिर करने की शर्त पर कहा था कि समूह मध्यस्थों को लेबनान में युद्ध-विराम समझौता कराने का एक मौका दे रहा है, लेकिन 'हमने युद्ध-विराम पर अमल की घोषणा नहीं की है, क्योंकि इजराइली इसका पालन नहीं कर रहे हैं।'

हिजबुल्ला पदाधिकारी ने कहा था कि समूह दो मार्च से पहले जैसी स्थिति जारी रखने की अनुमति नहीं देगा, जिस दौरान नवंबर 2024 में इजराइल-हिजबुल्ला युद्ध की समाप्ति के बाद से नाममात्र के लिए युद्ध-विराम लागू हुआ और इजराइल लेबनान में लगभग हर दिन हमले करता था। पदाधिकारी ने कहा, 'हम यह बर्दाश्त नहीं करेंगे कि इजराइली इस युद्ध से पहले की तरह हमले करते रहें। हम नहीं चाहते कि यह दौर जारी रहे।' अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमला करने के कुछ दिनों बाद हिजबुल्ला ने सीमा पार मिसाइलें दागीं, जिससे क्षेत्रीय युद्ध छिड़ गया। इजराइल ने जवाबी कार्रवाई में लेबनान पर बड़े पैमाने पर बमबारी और जमीनी आक्रमण किया।

# उत्तराखंड एसटीएफ ने जम्मू-कश्मीर से दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*उत्तराखंड एसटीएफने 'डिजिटल अरेस्ट' के जरिए देशभर में साइबर ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह को बेनकाब करने का दावा करते हुए इसके दो सदस्यों को जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी ।*

एसटीएफ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह ने यहां बताया कि बड़गाम के रहने वाले शौकत हुसैन मलिक तथा बिलाल अहमद की गिरफ्तारी के दौरान एसटीएफ टीम को बहुत चुनौतीपूर्ण स्थिति का सामना करना पड़ा क्योंकि स्थानीय भीड़ ने थाने से लेकर न्यायालय तक दबाव बनाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि लेकिन टीम आरोपियों का रिमांड हासिल करने में सफल रही ।

एसएसपी ने बताया कि आरोपियों के पास से तीन मोबाइल फोन, बैंकों के कई एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं संदिग्ध लेनदेन से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं जिनसे कई राज्यों में फैली संगठित साइबर ठगी नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है।

उन्होंने बताया कि देहरादून के 71 वर्षीय एक व्यक्ति ने साइबर अपराध थाने में शिकायत दर्ज करायी थी कि 21 नवंबर 2025 को अज्ञात व्यक्तियों ने स्वयं को दिल्ली पुलिस तथा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो का अधिकारी बताते हुए उनके नाम से दिल्ली स्थित बैंक खाते के माध्यम से धनशोधन होने की झूठी जानकारी दी। सिंह ने कहा कि पुलिस अधिकारी के भेष में आरोपियों ने व्हाट्सएप वीडियो कॉल पर फर्जी दस्तावेज एवं गैर-जमानती



वारंट दिखाकर शिकायतकर्ता को डराया तथा बैंक खातों के सत्यापन के नाम पर 65 लाख रुपये विभिन्न बैंक खातों में जमा करवा लिये। उन्होंने कहा कि कुछ समय बाद, शिकायतकर्ता को स्वयं के साथ ठगी होने का आभास हुआ जिस पर उसने थाने में शिकायत दर्ज करायी।

सिंह ने बताया कि शिकायत पर कार्रवाई करते हुए घटना में प्रयुक्त बैंक खातों, मोबाइल नंबरों तथा व्हाट्सअप कॉल से संबंधित डेटा प्राप्त किया गया जिसके विश्लेषण से मलिक तथा अहमद के नाम सामने आए। एसएसपी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय व्यक्तियों ने थाना परिसर से लेकर न्यायालय परिसर तक एकत्र होकर एसटीएफटीम पर दबाव बनाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि इसके बावजूद टीम ने धैर्य एवं संयम से काम लेते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा न्यायालय में प्रभावी ढंग से पक्ष प्रस्तुत करते हुए उनका पुलिस रिमांड प्राप्त किया।

सिंह ने बताया कि पूर्व में इस क्षेत्र के स्थानीय थाने पर ग्रेनेड से हमले की घटनाएं हो चुकी हैं जिसे देखते हुए अत्यंत संवेदनशीलता के साथ इस अभियान को संपन्न किया गया। उन्होंने बताया कि अलग-अलग राज्यों में साइबर ठगी से प्राप्त धनराशि को विभिन्न बैंक खातों में जमा कर एटीएम कार्ड एवं मोबाइल फोन के माध्यम से उसकी निकासी की जाती थी। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध हेतु आरोपियों द्वारा जिन बैंक खातों का प्रयोग किया गया, उनमें मात्र कुछ माह में ही लाखों रुपयों का लेन-देन सामने आया है।

सिंह ने कहा कि जांच में यह भी पाया गया कि इन बैंक खातों के विरुद्ध उत्तराखंड सहित देश के सात राज्यों में शिकायतें दर्ज हैं । एसएसपी ने बताया कि इसके संबंध में अन्य राज्यों की पुलिस के साथ संपर्क किया जा रहा है ।

# हिजबुल्लाह पर इजरायल के हमलों से खटाई में पड़ा सीजफायर! ईरान ने होर्मुज को फिर किया बंद..



डेस्क जगप्रेरणा।

*ईरान की सरकारी मीडिया इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी (IDF) के मुताबिक पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच 2 हफ्ते के लिए हुआ सीजफायर अब मुश्किल में पड़ गया है। खबर है कि तेहरान ने लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ जरायल के भीषण हमलों की वजह से स्ट्रेटेजिक होर्मुज स्ट्रेट को एक बार फिर ब्लॉक करने का फैसला किया है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि हिजबुल्लाह सीजफायर डील के हिस्से शामिल नहीं था।*

## ईरान ने क्या किया?

**IDF** की रिपोर्ट के मुताबिक, लेबनान पर इजरायली हमलों के बाद ईरान ने स्ट्रेटेजिक वॉटरवे से तेल टैंकरों का आना-जाना रोक दिया है, जिससे ग्लोबल एनर्जी सप्लाई रूट्स को लेकर नई चिंताएं बढ़ गई हैं। मंगलवार को ट्रंप की ओर से घोषित सीजफायर एग्रीमेंट के बावजूद, इजरायल ने लेबनान में अपने मिलिट्री ऑपरेशन जारी रखे हैं। लेबनान की हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक इजरायल के हमलों में कम से कम 112 लोगों की मौत हुई है और 800 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

## हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हुए हमले..

इजरायल डिफेंस फोर्सेज **(IDF)** ने भी कन्फर्म किया कि हमले हिजबुल्लाह के इंफ्रास्ट्रक्चर को टारगेट करने वाले एक बड़े कोऑर्डिनेटेड ऑपरेशन का हिस्सा थे। टेलीग्राम पर शेयर किए गए एक बयान में, **IDF** ने कहा कि उसने ऑपरेशन 'रोरिंग लायन' शुरू होने के बाद से अपना सबसे बड़ा कोऑर्डिनेटेड स्ट्राइक किया है, जिसमें बेरूत, बेका वैली और दक्षिणी लेबनान में 100 से अधिक हिजबुल्लाह कमांड सेंटर और मिलिट्री साइट्स को निशाना बनाया गया है।

## सटीक इंटेलिजेंस के आधार पर हुए हमले..

**IDF** के जनरल स्टाफ चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल इयाल जमीर ने कहा, 'हम हिजबुल्लाह आतंकी संगठन पर हमला करते रहेंगे और हर ऑपरेशनल मौके का इस्तेमाल करेंगे। हम उत्तरी इजरायल के लोगों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेंगे। हम पक्के इरादे के साथ हमला करते रहेंगे।' **IDF** के मुताबिक, टारगेट में इंटेलिजेंस कमांड सेंटर, हमलों की प्लानिंग के लिए इस्तेमाल होने वाला हेडक्वार्टर, और हिजबुल्लाह की मिसाइल और नेवल क्षमताओं से जुड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर, साथ ही उसकी एलीट राडवान फोर्स और एरियल यूनिट्स के एसेट्स शामिल थे। मिलिट्री ने कहा कि ऑपरेशन सटीक इंटेलिजेंस पर आधारित था और इसे कई हफ्तों में प्लान किया गया था।

## जारी रहेंगे इजरायल के हमले..

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजरायली सेना हिजबुल्लाह से खतरे को खत्म करने के मकसद से साउथ लेबनान में अपना हमला जारी रखेगी। नेतन्याहू के ऑफिस से एक बयान में कहा गया, 'इजरायल प्रेसिडेंट ट्रंप के ईरान के खिलाफहमले 2 हफ्ते के लिए रोकने के फैसले का सपोर्ट करता है, बशर्ते ईरान तुरंत स्ट्रेट्स खोल दे और अमेरिका, इजरायल और इलाके के देशों पर सभी हमले रोक दे।'

# एनआईए अधिकारी और उनकी पत्नी की हत्या के मामले में दोषी करार व्यक्ति बरी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 2016 में एनआईए के एक अधिकारी और उनकी पत्नी की हत्या के मामले में दोषी व्यक्ति को दी गई मृत्यु दंड की सजा रद्द करते हुए उसे जेल से तत्काल रिहा करने का निर्देश दिया है।*



एनआईए अधिकारी मोहम्मद तंजिल और उनकी पत्नी फ़रजाना की 2-3 अप्रैल, 2016 की रात गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बिजनौर के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने दो आरोपियों- मुनीर और रैयान को मृत्युदंड की सजा सुनाई थी। जहां मुनीर की लंबी बीमारी के बाद अस्पताल में मृत्यु हो गई थी, रैयान सात अप्रैल, 2016 से जेल में है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ की एकल पीठ ने कहा, 'निचली अदालत ने अपीलकर्ता को मृत्युदंड की सजा देने में गंभीर भूल की है जो इस तथ्य से समझा जा सकता है कि हमारे तंत्र में व्याप्त भय की श्रेणी में निचली अदालत सबसे निचले पायदान पर है।'

अदालत ने कहा, 'इसलिए, इस अदालत का विचार है कि निचली अदालत द्वारा पारित निर्णय और आदेश को दरकिनार किया जाना चाहिए। इस प्रकार, अपीलकर्ता को सभी आरोपों से बरी किया जाता है और यदि वह किसी अन्य मामले में गिरफ्तार नहीं है तो उसे तत्काल जेल से रिहा किए जाने का निर्देश दिया जाता है।'

अदालत ने कहा, 'इस मामले के सभी तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करने के बाद इस अदालत का मत है कि अभियोजन पक्ष का मामला संदेहों से भरा है और अभियोजन पक्ष के गवाहों के संदिग्ध आचरण की व्याख्या करना मुश्किल है। यह राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारी और उसकी पत्नी की हत्या का मामला है। यह अधिकारी आतंकवाद के मामलों सहित राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े कई हाई प्रोफाइल मामले की जांच कर रहा था।'

एकल पीठ ने आगे कहा, 'पुलिस बल ने इस मामले को निपटाने के लिए महीनों तक घटनास्थल पर डेरा डाले रखा। इसने कई दिनों तक घटनास्थल के आसपास से कई लोगों को हिरासत में रखा, लेकिन उसे कोई विश्वसनीय सुराग नहीं मिल सका।' अदालत ने 31 मार्च को दिए अपने निर्णय में कहा, 'मृतक अपीलकर्ता मुनीर स्थानीय अपराधी था और अपीलकर्ता रैयान को उसके गिरोह के सदस्य के तौर पर दिखाया गया और पुलिस के दबाव में आकर सरकारी गवाहों ने अपने बयान में उसका नाम लिया और निचली अदालत द्वारा इन्हें दोषी करार देकर सजा सुनाई गई।'

प्राथमिकी के मुताबिक, तंजिल अपनी पत्नी फ़रजाना, भतीजी जिमनिश और भतीजे शाहबाज के साथ शादी में शामिल होने के बाद अपनी कार से लौट रहे थे। तभी मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों ने उनकी कार रोककर अंधाधुंध फ़ायरिंग शुरू कर दी जिसमें तंजिल और फरजाना की मृत्यु हो गई थी।

# एसटीएफने दिल्ली-एनसीआर में बच्चों के अपहरण में मदद करने वाले ऑटो चालक को पकड़ा..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*दिल्ली एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बच्चों के अपहरण के लिए ऑटो-रिक्शा का इस्तेमाल करने वाले मानव तस्करी गिरोह के एक संदिग्ध सदस्य को उत्तर प्रदेश विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने हरदोई जिले से गिरफ्तार किया है।*



अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एसटीएफ ने एक बयान में कहा, आरोपी शाहरुख उर्फ इमरान की गिरफ्तारी पर 50,000 रुपये का इनाम था और वह हरदोई के अतरौली पुलिस स्टेशन में दर्ज एक मामले में वांछित था। आरोपी ने शुरू में एक ऑटो-रिक्शा चालक के रूप में काम किया और एक महिला सोनिया उर्फसुनीता के संपर्क में आया,

जिसने राष्ट्रीय राजधानी में दैनिक भुगतान के आधार पर उसका वाहन किराए पर लिया। इसमें कहा गया है कि 2025 में, उसने कथित तौर पर उसे बच्चों के अपहरण में शामिल एक गिरोह में शामिल कर लिया। बयान में कहा गया कि गिरोह अपहृत बच्चों को ले जाने और संदेह से बचने के लिए किराए के वाहनों का इस्तेमाल करता था और आरोपी, पैसे के लालच में इस गिरोह में शामिल हो गया।

इसमें कहा गया है कि बाद में वह गिरोह के अन्य सदस्यों के संपर्क में आया, जिनकी पहचान अभय वर्मा, उमाशंकर, पठान मुमताज उर्फहसीना, मोडावती शारदा, बिकोल बिजली उर्फबिकोबोलू सविता ठाकुर और अंकुल के रूप में हुई, इन सभी को पहले स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बयान में कहा गया है कि गिरोह पर कार्रवाई के बारे में जानने के बाद, आरोपी छिप गए और गिरफ्तारी से बचने के लिए दिल्ली, गाजियाबाद और उत्तर प्रदेश सीमा से लगे इलाकों के बीच घूमते रहे।

बयान के अनुसार, विशिष्ट इनपुट पर कार्रवाई करते हुए, एसटीएफकी एक टीम ने मंगलवार को रात करीब 9:45 बजे उसे हरदोई में संडीला-अतरौली रोड पर डिकनी इलाके के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को स्थानीय पुलिस को सौंप दिया गया है और मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही चल रही है।

# पुलिस से बचने को तालाब में 5 घंटे छिपा रहा चोर, पानी में सांस लेने के लिए लगाया गजब का जुगाड़!

डेस्क जगप्रेरणा।

*मध्य प्रदेश के जबलपुर में एक अजीब केस सामने आया है, जहां पुलिस की पकड़ से बचने के लिए एक चोर तालाब में फांद गया। इसके बाद वह कमल के तनों की सहायता से सांस लेकर 5 घंटे छुपा रहा।*

अफसर ने बताया कि यह केस बीते 6 अप्रैल का है और आरोपी यूपी के बिजनौर का रहने वाला है। वह वहां पार्षद भी रह चुका है।

## पर्स चुराते हुए RPF ने देख लिया..

रेलवे पुलिस फोर्स के थाना प्रभारी राजीव खरब ने बताया कि 42 साल का आरोपी हरविंदर सिंह उर्फसनी ने रीवा-इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन के एक एसी डिब्बे में सवार था। इस दौरान, वह एक महिला का पर्स चुराने का प्रयास कर रहा था और तभी आरपीएफके जवानों ने उसको देख लिया।

उन्होंने आगे बताया कि आरपीएफजवानों ने जब उसका पीछा किया तो वह लोकल बाजार के पास काई से ढके एक तालाब में कूद गया और गिरफ्त में आने से बचने के लिए पानी में छिपा रहा।

## तने की मदद से तालाब में लेता रहा सांस..

राजीव खरब बोले, 'पानी के अंदर सांस लेने के लिए चोर, कमल के खोखले तने का प्रयोग करता रहा।' उन्होंने आगे कहा कि आरपीएफने आरोपी की तलाश के लिए लोकल पुलिस से संपर्क कर गोताखोरों को बुलाया। पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसको बाहर निकाला गया।

## तालाब से निकलकर भी की भागने की कोशिश..

थाना प्रभारी खरब ने बताया कि तालाब से बाहर आने के बाद भी आरोपी ने भागने की कोशिश की लेकिन **RPF** जवानों ने उसे अपने कब्जे में ले लिया। आरपीएफसूत्रों का कहना है कि आरोपी 2017 में बिजनौर से पार्षद का चुनाव भी जीता था।

## आरोपी पर दर्ज हैं 21 से ज्यादा मुकदमे..

शुरुआती जांच में सामने आया है कि उसके खिलाफ मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में 21 से ज्यादा आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उससे पूछताछ की जा रही है।

# गहरे पानी में डूबकर एमिटी के छात्र की मौत, परीक्षा के बाद पार्टी करने गया था..

डेस्क जगप्रेरणा।

उत्तर प्रदेश के नोएडा से हादसे की हैरान कर देने वाली वारदात सामने आई है। यहां गहरे पानी मे डूबने के कारण एक छात्र की मौत हो गई है। जिस छात्र की डूबकर मौत हुई है वह एमिटी यूनिवर्सिटी का छात्र था।



सामने आई जानकारी के मुताबिक, परीक्षा खत्म होने के बाद आज चार दोस्त पार्टी करने के लिए गए थे। तभी एक छात्र गहरे पानी में उतर गया और डूबने लगा। दोस्त को बचाने के लिए तीनों दोस्त पानी मे उतर गए। हालांकि, छात्र को नहीं बचाया जा सका।

## छात्र अस्पताल में मृत घोषित..

छात्र के गहरे पानी में डूबने की घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड, **SDRF** और **NDRF** की टीम पहुंची। जिसके बाद सभी छात्रों को रेस्क्यू किया गया। हालांकि, इनमें से एक छात्र को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया है। बाकी के छात्रों की हालत सामान्य बताई जा रही है।

## पुलिस ने क्या बताया?

नोएडा में हुई इस दर्दनाक हादसे पर पुलिस ने बताया- 'आज दिनांक 08.04.2026 को थाना सेक्टर-126 क्षेत्र के अंतर्गत एक निजी यूनिवर्सिटी के चार छात्र परीक्षा समाप्त होने के उपरांत सुपरनोवा के पास स्थित एक खाली पड़े पुराने निर्माण स्थल पर पार्टी/पिकनिक करने गए थे, जहां पर पार्टी के दौरान एक छात्र हर्षित भट्ट निवासी इंदिरापुरम, गाजियाबाद पास में भरे हुए पानी में नहाने के लिए उतर गया। नहाने के दौरान वह अचानक पानी में डूब गया।'

पुलिस ने आगे कहा- 'उक्त घटना की सूचना छात्र के साथी द्वारा डॉयल-112 पर दी गई जिसकी सूचना प्राप्त होते ही तत्काल पीआरवी कर्मी व थाना सेक्टर-126 पुलिस स्थानीय गोताखोरो की व्यवस्था करते हुए मौके पर पहुंची तथा हर्षित भट्ट को पानी से बाहर निकाला गया तथा उसे उपचार हेतु तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। उक्त छात्र को बचाने के प्रयास में पानी में उतरे उसके साथियों का भी सकुशल 'रेस्क्यू' किया गया है। जिनकी स्थिति सामान्य है। घटना के सम्बन्ध में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।'










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

सुरेश गावते देवरी
मो. 9420886573


# विधायक विनोद अग्रवाल और उपाध्यक्ष सुरेश हर्षे की हस्तक्षेप से शुरू की गई अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल खत्म..

## शिक्षक समिती की मांगें सफल, प्रशासन का लिखित आशवासन..



जगप्रेरणा आमगांव।

***महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक समिती गोंदिया की तरफसे जिला परिषद के सामने की जा रही अनिश्चितकालीन क्रमिक भूख हड़ताल आखिरकार सफल***

हो गई है, और प्रशासन की तरफसे शिक्षक की सभी लंबित मांगों को हल करने का लिखित आश्वासन दिए जाने के बाद आंदोलन वापस ले लिया गया है। महाराष्ट्र राज्य प्राथमिक शिक्षक समिती के आक्रामक रुख के कारण प्रशासन को तुरंत फैसला लेना पड़ा।

इस आंदोलन में जिला परिषद के उपाध्यक्ष सुरेशजी हर्षे की पहल पर उपमुख्यकार्यपालन अधिकारी फणींद्र कुतीरकर, मुख्य लेखा एवं वित्त अधिकारी जनार्दन खोटरे शिक्षणाधिकारी विशाल डोंगरे, विस्तार अधिकारी नरेंद्र डहाके, प्रशासन अधिकारी सौरभ अग्रवाल और दूसरे संबंधित अधिकारियों के साथ करीब दो घंटे तक विस्तार में चर्चा हुई। चर्चा के बाद शिक्षा अधिकारियों ने सभी मांगों पर साकारात्मक रुख अपनाया और लिखित आश्वासन दिया। इस बीच, गोंदिया इलाके के विधायक विनोद भाऊ अग्रवाल ने भी भूख हड़ताल वाली जगह का दौरा किया और शिक्षक की मांगों के प्रति समर्थन जताया। उन्होंने मुख्यकार्यकारी अधिकारी और शिक्षणाधिकारी से फोन पर संपर्क किया और उन्हें तुरंत फैसला लेने का निर्देश दिया।

### बड़े फैसले..

6 अगस्त 2002 से स-14 का फायदा देने का फैसला। 12 साल बाद सीनियर पे स्केल और 24 साल बाद सेलेक्टिव ग्रेड लागू किया जाएगा। ट्राइबल डिप्लॉयमेंट सेक्टर के कर्मचारियों के लिए सिंगल पे स्केल। ग्रेजुएट सब्जेक्ट टीचरों के लिए पे स्केल प्रपोज़ल में तेज़ी। पेंडिंग पे स्केल और सेलेक्टिव ग्रेड के मामलों को तुरंत निपटाया जाएगा। 23 महीने के हाउस रेंट अलाउंस के एरियर के लिए फंड की मांग। हर महीने की एक तारीख को सैलरी देने के बारे में एक्शन लिया जाएगा। 176 टीचरों का **GPF** अपडेट और टेक्निकल दिक्कतों को हल करने के लिए कॉरस्पोंडेंस। इंटर-डिस्ट्रिक्ट ट्रांसफर टीचरों के लिए सेलेक्टिव ग्रेड और **NPS** के बारे में एक्शन लिया जाएगा। मार्च 2025 तक **GPF** कैलकुलेशन जल्द देने का वादा किया।

शिक्षक समिति के सख्त रुख के कारण, प्रशासन ने सभी मांगों पर ध्यान दिया और एक तेज़ी से फ़ैसला लेने की प्रक्रिया शिक्षा अधिकारियों ने 20 अप्रैल तक सभी मसलों को हल करने का लिखित भरोसा दिया है। सैकड़ों शिक्षक की मौजूदगी में और तेज़ गर्मी में हो रहे इस विरोध प्रदर्शन ने प्रशासन का ध्यान ज़िले के शिक्षा विभाग में लंबित मसलों की ओर खींचा।

लिखित भरोसा मिलने के बाद शिक्षक समिती ने विरोध वापस ले लिया। टीचरों की कमेटी ने विधायक विनोद भाऊ अग्रवाल, ज़िला परिषद के उपाध्यक्ष सुरेशजी हर्षे और सभी प्रशासन अधिकारियों को इस विरोध प्रदर्शन पर ध्यान देने और उनका साथ देने के लिए धन्यवाद दिया। विरोध प्रदर्शन में शामिल होने वाले सभी शिक्षक की भी खास तारीफ़की गई।

आंदोलन की सफलता हेतु जिलाध्यक्ष संदीप तिडके,विभागीय अध्यक्ष किशोर डोंगरवार, जुनी पेन्शन राज्याध्यक्ष वितेश खांडेकर,जिल्हा सरचिटणीस संदीप मेश्राम, महिलाध्यक्ष ममता येडे, राज्य कार्यकारिणी सदस्य शरद पटले, जिला कार्याध्यक्ष मुकेश रहांगडाले, विनोद बडोले, उत्तम टेंभरे, गौतम बांते, अशोक बिसेन, जी एम बैस, विपेंद्र वालोदे, राजेंद्र बोपचे, उमेश रहांगडाले, राज कडव, दिलीप लोधी, सतीश दमाहे, यू जी हरीणखेडे, शोभेलाल ठाकुर, जीवन मशाखेत्रि, पूर्णानंद ढेकवार, गजानन पाटणकर, राधेश्याम ठाकरे, दिनेश बिसेन, सेवकराम रहांगडाले, पुरुषोत्तम साकुरे, रेवानंद उईके, दादाजी पंधरे, मिथुन चव्हाण, जयश लिल्हारे, राजू गाढवे, संजय हुकरे, किशोर ब्राम्हण, संदीप सोमवंशी, आर एच वाघाळे, दिलीप होटे, नरेंद्र बनकर, सुभाष मानकर, सुनील बैठवार, यु.जी फरदे, रवी जाधव, प्रकाश सोरते, भास्कर नागपुरे सचिन सांगळे, धनराज दहिलकर, अंकुश पवार, गणेश डोईफोडे, भोजराज भोयर, युवराज भगत, सी बी गोबाडे, हितेश रहांगडाले, सदाशिव पाटील, दिलीप कुराहे, रवींद्र भोंडे, साखरे सर, सचिन शेंडे, सौ भारती तिडके, मीनाक्षी पंधरे, वंदना झोडे, प्रेमलता बघेले यासह बहुसंख्येने शिक्षक समिती के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# एड. लखनसिंह कटरे की अखिल भारतीय मराठी साहित्य महामंडल में नियुक्ति..



जगप्रेरणा सालेकसा।

***मराठी साहित्य क्षेत्र की सर्वोच्च और मान्यता प्राप्त संस्था अखिल भारतीय मराठी साहित्य महामंडल की कार्यकारी समिति में विदर्भ साहित्य संघ के प्रतिनिधि***

के रूप में एड. लखनसिंह कटरे की नव-निर्वाचित सदस्य के रूप में नियुक्ति की गई है। विदर्भ साहित्य संघ के अध्यक्ष डॉ. गिरीश गांधी ने आज आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा की।

एड. लखनसिंह कटरे साहित्य, समाजकार्य और विधि क्षेत्र में सक्रिय एवं बहुआयामी व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं। मराठी साहित्य के संवर्धन के साथ-साथ क्षेत्रीय बोलीभाषाओं के संरक्षण के लिए उन्होंने निरंतर कार्य किया है।

उनके लेखन में सामाजिक जागरूकता, प्रशासनिक दृष्टिकोण और वैचारिक स्पष्टता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। विदर्भ साहित्य संघ के प्रतिनिधि के रूप में उनकी यह नियुक्ति विदर्भ की साहित्यिक गतिविधियों को नया बल देने वाली साबित होगी, ऐसा विश्वास व्यक्त किया जा रहा है। महामंडल की कार्यकारी समिति में कार्य करते हुए वे मराठी भाषा के सर्वांगीण विकास, नवोदित साहित्यकारों को प्रोत्साहन देने और विभिन्न साहित्यिक धाराओं को एकत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, ऐसी अपेक्षा व्यक्त की जा रही है।

इस नियुक्ति पर साहित्य, सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र से एड. कटरे को बधाइयों का सिलसिला जारी है और उनके आगामी कार्यकाल के लिए सभी स्तरों से शुभकामनाएं दी जा रही हैं।


व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।


# पुणे के कल्चरल स्टेज पर आमगांव की कामयाबियां, जर्नलिस्ट धनराज भगत का गर्व..

## ग. दि माडगुलकर नाट्यगुह में 'ध्येयरंग' समारोह संपन्न उपजिलाधिकारी शुभम पवार ने किया सम्मानित..



जगप्रेरणा आमगांव।

***शिक्षा और सांस्कृतिक राजधानी पुणे के ग दि माडगुलकर नाट्यगुह में 29 मार्च को कामयाबियों का एक अनोखा 'ध्येयरंग' देखने को मिला। 'ध्येय एजुकेशन फाउंडेशन' महाराष्ट्र ने 'विनर ऑफद ईयर' और 'आई एम विनर'***

स्टेट लेवल कॉम्पिटिटिव एग्जामिनेशन 2026' का ग्रैंड प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी ऑर्गनाइज किया और आमगांव से जर्नलिज्म में एक लॉयल चेहरा जर्नलिस्ट धनराज भगत को सम्मानित किया। यह सेरेमनी प्रोग्राम के प्रेसिडेंट और ऑर्गनाइजेशन के फाउंडर सुदाम शेडगे की चेयरमैनशिप में और छत्रपति संभाजीनगर के डिप्टी डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर शुभम पवार की मौजूदगी में खत्म हुई। धनराज भगत को समाज में एजुकेशनल अवेयरनेस लाने और 'ध्येय फाउंडेशन' की स्टूडेंट-ओरिएंटेड एक्टिविटीज़ को लोगों तक पहुंचाने में उनकी बिना किसी स्वार्थ के भूमिका के लिए बड़े स्टेज पर मौजूद गणमान्य लोगों ने शॉल और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। पुणे के इस ऐतिहासिक स्टेज पर एक विद्वान पत्रकार का यह सम्मान पूरे गोंदिया जिले के लिए गर्व की बात बन गया है।

धनराज भगत ने अपनी राइटिंग से यह साबित कर दिया है कि जर्नलिज़्म सिर्फ जानकारी का ज़रिया नहीं है, बल्कि समाज में बदलाव का हथियार है। इस ऐतिहासिक कामयाबी के लिए वशिष्ठ खोबरागड़े, सुनील तुरकर, मुनेश्वर कुकड़े, सतीश बघेल, रूपेश भंडारे, आर.वी. मेश्राम, दिलेश्वर पंधानम, सुबोध बैस, बाजीराव तरोने, महेंद्र लिल्हारे, देवेंद्र रहांगडाले, सतीश पटले ने उनकी तारीफ़की है और उन्हें खास तौर पर बधाई दी है और उनके आगे के सफ़र के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### बोले धनराज भगत..

'पुणे के ऐतिहासिक जी. डी. मडगुलकर थिएटर में मिला यह स्टेट-लेवल सम्मान मेरी पत्रकारिता की यात्रा में एक अनमोल खजाना है। यह सम्मान सिर्फ़मेरा नहीं, बल्कि उन रीडर्स और स्टूडेंट्स का है जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया है। इस प्यार के लिए 'ध्येय फाउंडेशन'।

# रिसामा की शिक्षिका को राज्य स्तरीय आदर्श शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित..



जगप्रेरणा आमगांव।

***शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली श्री स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, रिसामा की शिक्षिका श्रीमती सारिका रविंद्र श्रीवास्तव को ध्येय एज्युकेशन फाउंडेशन,***

महाराष्ट्र द्वारा आयोजित **Dhyey Education Icons Summit 2025-26** में राज्य स्तरीय आदर्श शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।यह सम्मान उन्हें शिक्षा क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए सराहनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। उनके मार्गदर्शन में कई विद्यार्थियों ने शैक्षणिक एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। यह पुरस्कार दिनांक 29 मार्च 2026 को पुणे में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। इस उपलब्धि से विद्यालय तथा रिसामा क्षेत्र में हर्ष का वातावरण व्याप्त है और सभी स्तरों से उन्हें बधाई दी जा रही है। इस अवसर पर श्रीमती स्मृति छपरिया (मुख्याध्यापिका) तथा विद्यालय के प्रबंधन मंडल ने श्रीमती सारिका श्रीवास्तव को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धियां विद्यालय का नाम गौरवान्वित करती हैं तथा अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनती हैं।

श्रीमती सारिका श्रीवास्तव की इस सफलता से अन्य शिक्षकों को भी प्रेरणा मिलेगी और शिक्षा क्षेत्र में नए आदर्श स्थापित होंगे।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### बस मे चढ़ते समय बुजुर्ग के जेब पर अज्ञात चोर ने किया हाथ साफ मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 7/4/2026 के दोपहर 3 बजे के दरम्यान गोरेगाव मे फर्यादी राजकुमार श्रीराम टेंभुर्णीकर उम्र 60 वर्ष निवासी पाथरी घटना के समय अपने निजी काम से गोरेगाव आया था। काम पूरा होने के बाद वापस अपने गाव जाने के लिये बस स्टँड गया और बस मे चढते समय अज्ञात चोर ने जेब से नगदी 4 हजार रुपये और विवो कंपनी का मोबाईल किमत 16 हजार कुल 20 हजार का माल चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोरेगाव मे अपराध क्रमांक 200/2026 धारा 303, 2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा प्रल्हाद देवारे 684 पोस्टे गोरेगांव कर रहे है।

### रेल्वे से कटकर हुई मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम किडंगीपार रेल्वे फाटक के पास फर्यादी शामराव नानुजी तावाडे उम्र 49 वर्ष का भतीजा आशिक तावाडे उम्र 28 वर्ष निवासी बोथली किंडगीपार मे जाते समय रेल्वे फाटक के पास रेल्वे की चपेट मे आने से कटकर उसकी मौत हुई है। फर्यादी के बयान पर पोस्टे आमगांव मे अकस्मात मौत क्रमांक 14/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोना निलेश भजने 1702 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### चोरी का असफल प्रयास चोर रंगे हाथ गिरफ्तार मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत चोरी के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 6/4/2026 के रात मे फर्यादी आनंदराव आत्माराम मेंढे उम्र 49 वर्ष निवासी पळसगांव अपनी दुकान बंद कर घर गये। दुसरे दिन सुबह दुकान खोलने आये तो दुकान का एक ताला टूटा हुवा था। और आरोपी बाजु मे बैठा था फर्यादी ने कहा तु कौन है और यहा क्यु बैठा है तो उठकर भागने लगा फर्यादी ने चिल्लाया चोर चोर तो भागकर बाजु के मंदिर मे छुप गया लोगो ने उसे पकड़ा और पुलिस के हवाले किया, जब उसका थैला चेक किये तो थैले मे फर्यादी का टुटा ताला, एक टार्च,2 लोहे की सलाख,1 लोहे की पट्टी, हथोडी मिलने से आरोपी विनोद राऊत उम्र 43 वर्ष निवासी बाम्हनी के खिलाफ पोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 161/2026 धारा 303,2,62, भान्यास 2023 के तहत मामला दर्ज कर जॉच पोहवा कोटांगले 1394 पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

### विश्वास दिखाकर ले गया अक्टीवा और गाड़ी लेकर हुवा फरार मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 20/1/2026 के दोपहर 12 बजे के दरम्यान चांदणीटोला मे फर्यादी राजकुमार कृष्णा मरकाम उम्र 38 वर्ष निवासी गडडाटोली गोंदिया अपने मित्र शुभम और उसके साथ काम करने वाले को अपनी अक्टिवा गाडी क्रमांक एम एच 35 एसी 6827 किमत 20 हजार रुपये गाडी पर बिठाकर शुभम को उसके घर छोडने गये। और फर्यादी और अज्ञात युवक ने साथ मे शराब पी उसके बाद आरोपी ने तेरी गाडी दे मै थोडी देर मे लाकर देता हु बोलकर गाडी ले गया, और गाड़ी वापस नही लाकर देने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 198/2025 धारा 316,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा बोहरे 337 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

# मध्य रेलवे के नागपुर स्टेशन एवं आधुनिकीकरण: प्लेटफॉर्म क्रमांक-2 अस्थायी रूप से बंद, कुछ यात्री ट्रेनें नियंत्रित..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***रेल प्रशासन द्वारा मध्य रेलवे नागपुर स्टेशन के उन्नयन कार्य के अंतर्गत कंकॉर्स निर्माण हेतु प्लेटफॉर्म क्रमांक-2 को दिनांक 07.04.2026 से 28.05.2026 तक (कुल 52 दिनों के लिए) अस्थायी रूप से बंद किया जा रहा है।***

यह कार्य स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार एवं आधुनिकीकरण के उद्देश्य से किया जा रहा है। नागपुर स्टेशन एवं यार्ड में ब्लॉक अवधि के दौरान कुछ यात्री ट्रेनों का संचालन नियंत्रित किया जाएगा, क्योंकि प्लेटफॉर्म उपलब्धता में अस्थायी कमी रहेगी। इस उन्नयन कार्य के पूर्ण होने के पश्चात नागपुर स्टेशन पर यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

### विनियमित/नियंत्रित/विलंब से रवाना की जाने वाली प्रमुख यात्री ट्रेनें निम्नानुसार हैं :-

गाड़ी संख्या 18030 (शालीमार - लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस) जिसका नागपुर स्टेशन पहुंचने का समय 13:20 बजे है, दिनांक 07.04.2026 से 28.05.2026 तक लगभग 2 घंटे 15 मिनट नियंत्रित/ विलंब से रवाना किया जाएगा।

गाड़ी संख्या 12102 (शालीमार - लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस) जिसके नागपुर स्टेशन पहुंचने का समय 14:20 बजे है, दिनांक 08.04.2026 से 28.05.2026 तक लगभग 01 घंटे 10 मिनट नियंत्रित/ विलंब से रवाना किया जाएगा। गाड़ी संख्या 22906 (शालीमार - ओखा एक्सप्रेस) जिसका नागपुर स्टेशन पहुंचने का समय 14:20 बजे है, दिनांक 07.04.2026 से 26.05.2026 तक लगभग 1 घंटा 10 मिनट नियंत्रित/ विलंब से रवाना किया जाएगा।

गाड़ी संख्या 12906 (शालीमार - पोरबंदर एक्सप्रेस) जिसके नागपुर स्टेशन पहुंचने का समय 14:20 बजे है को दिनांक 10.04.2026 से 23.05.2026 तक लगभग 1 घंटा 10 मिनट नियंत्रित/ विलंब से रवाना किया जाएगा।

उक्त नियंत्रण दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्र में 'नो रूम' स्थिति के कारण किया जाएगा। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि वे यात्रा से पूर्व अपनी ट्रेन की अद्यतन स्थिति की जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। असुविधा के लिए खेद है।





दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें।। मो। 9329033433





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास
2. अरुण विनायक अपार्टमेंन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# अब गोंदिया जिले के वन अभ्यारण क्षेत्र नवेगांव बांध जलाशय में मिलेगा नौकाविहार का भी आनंद..

## सांसद प्रफुल पटेल के हस्ते नवेगांव बांध जलाशय पर नौका विहार का शुभारंभ..

### सांसद प्रफुल पटेल, विधायक राजकुमार बडोले व पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन ने भी नौकाविहार कर किया पर्यटन रोजगार को प्रोत्साहित..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व छ.ग. के लोग बड़ी संख्या में गोंदिया जिले के वन अभ्यारण क्षेत्र नवेगांव बांध नागझीरा में शेर एवं अन्य जंगली जानवरों के दिदार के लिये पहुंचते हैं, तथा प्रकृति के इस अनुपम क्षेत्र में अनेक रिसॉर्ट एवं गार्डन के साथ साथ अब नवेगांव बांध***

पहुंचने वाले लोगों को एक बड़े विशालकाय जलाशय में नौकाविहार का भी आनंद प्राप्त हो सकेगा, निश्चित ही इस नौकाविहार से गोंदिया जिले के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, तथा रोजगार का सृजन होने के साथ साथ इस क्षेत्र का भी तीव्रता से विकास होगा, यह बात सांसद प्रफुल पटेल ने आज गोंदिया जिले के अर्जुनी मोरगांव तहसील के नवेगांव बांध स्थित राष्ट्रीय उद्यान के जलाशय पर नौकाविहार (बोटिंग) सुविधा के भव्य शुभारंभ अवसर पर कही।

इस अवसर पर प्रमुख रुप से विधायक राजकुमार बडोले, पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन, एस.के. इन्फ्रास्ट्रक्चर के संचालक सुनील तरोने, किशोर तरोने के साथ ही जिला परिषद के अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर, जिला परिषद सदस्य रचना गहाणे, कार्यकारी संचालक विदर्भ पाटबंधारे विकास महामंडळ नागपुर राजेश सोनटके, मुख्य अभियंता जलसंपदा विभाग नागपुर श्रीमती सोनाली चोपड़े, विभागीय वनाधिकारी वन्य जीव साकोली अतुल देवकर, अधीक्षक अभियंता भंडारा पाटबंधारे मंडल राजेश पाटील, कार्यकारी अभियंता गोंदिया पाटबंधारे विभाग राजीव कुरेकर, सेवानिवृत्त अधीक्षक अभियंता रवि पराते, उपविभागीय अधिकारी पाटबंधारे उपविभाग नवेगांव बांध समीर बनसोड़े के साथ ही प्रमुख रुप से सभापति महिला व बाल कल्याण जिला परिषद श्रीमती पूर्णिमाताई ढेंगे, जिला परिषद सदस्य रचनाताई गहाणे, सभापति पंचायत समिति अर्जुनी मोरगांव श्रीमती आम्रपाली डोंगरवार, उप सभापति पंचायत समिति अर्जुनी मोरगांव संदीप कापगते, पंचायत समिति सदस्य अर्जुनी मोरगांव होमराज पुस्तोड़े एवं नवेगांव बांध की सरपंच श्रीमती हिराताई पंधरे भी उपस्थित थे। सांसद प्रफुल पटेल ने समारोहपूर्वक नौकाविहार के शुभारंभ से पूर्व नवेगांव बांध जलाशय में फीता काटकर तथा नौका में बैठकर नौका विहार का जायजा लिया, तथा नौका विहार करते हुए पर्यटन रोजगार को प्रोत्साहित किया।

### यह भी बोले सांसद प्रफुल पटेल..



सांसद प्रफुल पटेल ने इस अवसर पर कहा कि कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हम प्रकृति के ऐसे सुंदर रमणीय क्षेत्र में निवास करते हैं, जहां पर कदम कदम पर हमें पर्यावरण का सुखद अहसास होता है। गोंदिया जिले में जो हमारे मेहमान, रिश्तेदार आते हैं, हम उन्हें नवेगांव बांध, नागझीरा घुमाने के लिये ले जाते हैं, इस दौरान जंगल सफारी के साथ ही अब क्षेत्र में आने वाले लोगों को हम डलझील की नौकाविहार का आनंद भी दे सकेंगे, जिसके लिये निश्चित ही एस.के. इन्फ्रास्ट्रक्चर के संचालक सुनील तरोने का प्रयास अभिनंदनीय है। सांसद प्रफुल पटेल ने अपने उद्बोधन में नौकाविहार से जिले के नागरिकों के साथ-साथ आसपास के पर्यटन और प्रकृति प्रेमियों के माध्यम से जिले में पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई, तथा कहा कि इस परियोजना के माध्यम से रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

### वैश्विक तनाव के बीच पीएम मोदी की कि प्रशंसा..

सांसद प्रफुल पटेल ने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि इस समय पुरे विश्व में अमेरिका और ईजराईल के साथ ईरान के चल रहे युद्ध के कारण तनाव की स्थितियों के साथ ही संसाधनों की उपलब्धता का संकट उत्पन्न हो गया है, लेकिन हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है, जिन्होंने अपनी उत्कृष्ट विदेश नीति के दम पर भारत में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति की व्यवस्थाएं कायम की हुई है। तनाव के इस दौर में जहां अनेक देशों में पेट्रोल डीजल के रेट चौगुने पहुंच गए हैं, वहीं हमारे यहां स्थिति सामान्य है, और आगे भी अच्छी ही रहेगी। किसी को किसी भी तरह की चिंता करने की जरुरत नहीं है, क्योंकि देश पीएम मोदी के सशक्त नेतृत्व में मजबूती से आगे बढ़ रहा है।

### यह भी रहे उपस्थित..

नौकाविहार के शुभारंभ कार्यक्रम में सांसद प्रफुल पटेल के साथ ही प्रमुख रुप से पूर्व विधायक राजेंद्र जैन, विधायक राजकुमार बडोले, जिला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर, देवेंद्रनाथ चौबे, चंद्रपाल चौकसे, आम्रपाली डोंगरवार, रचना गहाणे, गंगाधर परशुरामकर, अविनाश काशीवार, केवलराम पुस्तोडे, संदीप कापगते, प्रमोद लांजेवार, शैलेश जायसवाल, नामदेव डोंगरवार, दादाजी फुंडे, नितीन पुगलिया, होमराज पुस्तोडे, पुष्पलता द्रुगकर, अनिरुद्ध कांबले, समीर बनसोडे, किशोर तरोणे, लोकपाल गहाणे, सुनील तरोणे, राकेश लांजे सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवं पर्यटन प्रेमी उपस्थित रहे।

# कुनबी प्रीमियर लीग में 'वीर योद्धा चिमनाबाहुद्दूर' टीम की शानदार जीत..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शहर में हाल ही में कुनबी प्रीमियर लीग (केपीएल) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कुनबी समाज की अनेक टीमों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट में भारी प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में कुनबी वीर योद्धाओं की टीम 'वीर योद्धा चिमनाबाहुद्दूर' टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दमदार जीत हासिल कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।***

अंतिम मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें टीम के जज्बे और जोश के दम पर प्रतिद्वंद्वी टीम पर निर्णायक बढ़त बनाते हुए जीत दर्ज की गई। प्रतियोगिता की शुरुआत से ही टीम ने आक्रामक और संतुलित खेल का प्रदर्शन किया। बल्लेबाजी में प्रभावी प्रदर्शन, गेंदबाजी में सटीकता और क्षेत्ररक्षण में फुर्ती दिखाते हुए टीम ने हर मैच में अपना दबदबा बनाए रखा। अंतिम मुकाबले में भी टीम ने हर विभाग में बेहतरीन प्रदर्शन कर जीत सुनिश्चित की। यह रहे टीम के खिलाड़ी..

गौरतलब है की विजेता टीम में अमित पुंडे (कप्तान), भूपण गायकवाड़ (आइकॉन खिलाड़ी), सागर बोहरे, प्रतीक बोहरे, प्रवीन मेंढे, पिंटू शिवणकर, प्रांजल हेमने, निशांत मेंढे, योगेश गायकवाड़, महेश शेंडे, अनिल ब्राह्मणकर, सचिन राजनकर, अभि डुके, आर्यन पुंडे और अंकिता पुंडे शामिल रहे।

टीम का नेतृत्व कप्तान अमित पुंडे ने शानदार तरीके से किया और सभी खिलाड़ियों ने एकजुट होकर जीत में अहम योगदान दिया। इस सफलता में श्री जगदीश बहेकार का प्रेरणादायी मार्गदर्शन, श्री सावन बहेकार (मेंटोर/ओनर) तथा श्री सुशील बहेकार (ओनर) का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में आयोजन समिति के श्री सत्यम बहेकार, श्री राहुल मेंढलकर, श्री मोनू शेडे, श्री शेखर बाम्बे, श्री एल्विन शेडे सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा। साथ ही कार्यक्रम में मुख्य रूप से सचिन शेडे, जगदीश पुंडे, रमेश कुथे, विजय बहेकार, अर्जुन वेडे, सोनू कुथे आदि उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम की शोभा बढ़ी। इस जीत से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और 'वीर योद्धा चिमनाबाहुद्दूर' टीम पर सभी ओर से बधाइयों की वर्षा हो रही है। यह जीत आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए भी प्रेरणादायी साबित होगी।

# रामनगर निवासी शिरिष तांडेकर ने अन्याय के आरोप लगाकर दी आत्म दहन की चेतावनी



जगप्रेरणा गोंदिया।

***शिरिस राजाराम तांडेकर निवासी के.के. थोटे वार्ड रामनगर गोंदिया के ऊपर मनोहर चौक स्थित निवासी विनित शिवकुमार अग्रवाल, राधेश्याम***

मंगलचंद अग्रवाल, करण राधेश्याम अग्रवाल, कुणाल राधेश्याम अग्रवाल, योगेश राधेश्याम अग्रवाल एवं परिवार के लोगों ने एक राय होकर 09/03/2026 को एस.एस. टर्फ

स्पोर्टर्स मनोहर चौक गोंदिया में जानलेवा हमला कर डॉ. बाबा साहब आंबेडकर के नाम से जातीवाचक गाली गलौज की थी ऐसे आरोप गोंदिया के रामनगर निवासी शिरीष तांडेकर ने लगाए हैं और कहा है कि मुझ पर जानलेवा हमला करने वालों ने कहा कि तुम बाबा साहब आंबेडकर की कमीनी औलाद हो। उक्त टर्फका मालिक शिवकुमार गोरेलाल अग्रवाल है। इस पर स्थानिक पुलिस प्रशासन ने अनुसुचित जनजाती अधिनियम, 1989 की धारा 3 (1) (आर), 3(1) (एस), के तहत एंव अन्य 9 धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबंद किया जिसका अपराध क्र. 0200 है। उपरोक्त आरोपीयों पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया लेकिन आज तक पुलिस प्रशासन द्वारा किसी भी आरोपी को उक्त धाराओं के तहत गिरफ्तार नहीं किया गया।

शिरिष तांडेकर ने आगे कहा कि इसी बात का फायदा उठाकर विनित शिवकुमार अग्रवाल ने मेरे खिलाफ शहर पुलिस थाने में झूठी रिपोर्ट दर्ज करवाई और इस झूठी रिपोर्ट के आधार पर जांच अधिकारी द्वारा मुझे परेशान किया जा रहा है। फरियादी शिरिष तांडेकर ने कहा कि पुलिस प्रशासन की दोगली नीति के कारण पुलिस से न्याय न मिलने की वजह से आगामी 14 अप्रैल 2026 को मैं डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर पुतले के पास आत्म-दहन करने की चेतावनी दे रहा हूं। तांडेकर ने कहा कि मेरे आत्म-दहन के लिये स्थानिक जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन पुर्ण रूप से जिम्मेदार रहेगा।

# दपूमरे महाप्रबंधक तरुण प्रकाश पहुंचे गोंदिया स्टेशन, बिलासपुर - गोंदिया रेलखंड के व्यापक निरीक्षण के साथ ही गोंदिया स्टेशन क्षेत्र में विकास कार्यों का लिया जायजा..



जगप्रेरणा गोंदिया।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश आज 08 अप्रैल 2026 को बिलासपुर - गोंदिया रेलखंड (नागपुर मंडल) के विस्तृत निरीक्षण दौरा कार्यक्रम पर निकले। इस दौरान महाप्रबंधक ने विशेष रूप से 'विंडो ट्रेलिंग' के जरिए दुर्ग-गोंदिया रेलखंड में रेल पटरियों की स्थिति, पॉइंट्स, क्रॉसिंग्स और सिग्नलों की दृश्यता का सूक्ष्म अवलोकन किया, ताकि यात्रियों को एक सुरक्षित और आरामदायक सफर सुनिश्चित किया जा सके।

इसी क्रम में गोंदिया स्टेशन का भी व्यापक निरीक्षण किया गया। गोंदिया स्टेशन पर चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। विशेष रूप से गोंदिया स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 (लाइन नंबर 05) पर 'वॉशेबल एप्रन' को हटाने और उसे 'बैलस्टेड ट्रैक' में बदलने का कार्य प्रगति पर है, जिसका निरीक्षण करते हुए महाप्रबंधक ने कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस कार्य के पूर्ण होने से ट्रैक मेंटेनेंस में सुधार एवं संरक्षा मानकों में वृद्धि होगी। इसके साथ ही गोंदिया स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का भी निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण प्रदान करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उनके द्वारा गोंदिया यार्ड एवं पैनल रूम का निरिक्षण कर अमृत भारत योजना के तहत चल रहे विकाश कार्यों और यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नागपुर मंडल के रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार गुप्ता, श्री जे. एस बिंद्रा मुख्य प्रधान परिचालन प्रबंधक सहित मुख्यालय एवं नागपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों सहित कर्मचारी भी उपस्थित रहे। उन्होंने मंडल में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों, संरक्षा उपायों एवं यात्री सुविधाओं के उन्नयन संबंधी जानकारी महाप्रबंधक को विस्तार से अवगत कराया। इस अवसर पर सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रगति एवं कार्यों की जानकारी दी। महाप्रबंधक ने सभी अधिकारियों को संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, अधोसंरचना विकास कार्यों में तेजी लाने तथा यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता, समयबद्धता एवं सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार पर विशेष बल दिया।

### रेल सलाहकार समिति सदस्यों ने भी रेल महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन..



गोंदिया पहुंचने पर महाप्रबंधक तरुण प्रकाश से मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति सदस्यों ने भी मुलाकात की। प्रमुख रुप से वरिष्ठ सदस्य चीनु अजमेरा, विधायक विनोद अग्रवाल के प्रतिनिधि एवं डीआरयूसीसी सदस्य विनोद (गुड्डु) चांदवानी एवं अनेक सदस्यों ने रेल महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर मांगे रखी। विनोद चांदवानी ने रेल महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपकर मांग की कि ट्रेन क्रमांक 12261/12262 हावड़ा मुंबई दुरंतो एक्सप्रेस तथा 12221/12222 पुणे हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस को गोंदिया रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज प्रदान करें। इसी के साथ क्षेत्र की अनेक रेल समस्याओं पर भी ध्यान आकर्षित कराया। इसी प्रकार विगत 35 वर्षों से जोनल रेल सदस्य के रुप में जुड़े चीनु अजमेरा ने रेल महाप्रबंधक को यह ज्ञात कराया कि नागपुर रेल मंडल में सर्वाधिक राजस्व गोंदिया स्टेशन प्रदान करता है, इसके बाद भी गोंदिया स्टेशन पर महत्वपूर्ण ट्रेनें नहीं रुक रही, जिसमें श्री अजमेरा ने लोकमान्य तिलक से पुरी ट्रेन को भी स्टॉपेज देने की मांग की, वहीं इंदौर से नागपुर वंदेभारत ट्रेन से नागपुर बिलासपुर वंदेभारत ट्रेन की कनेक्टिविटी के लिये समय सारणी में परिवर्तन की मांग की, जिस पर जीएम श्री तरुण प्रकाश ने सकारात्मक आश्वासन दिया। इस अवसर पर अन्य डीआरयूसीसी सदस्यगण में लखमीचंद रोचवानी, हरीश भागवानी, मुकेश दुंबानी, सुनील बोदानी, यश नानवानी, राजू आसवानी एवं जसपाल सिंह चावला भी उपस्थित थे।

उत्कृष्टता एवं गुणवत्ता के 24 वर्ष..
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुलव्याध (बवासीर) फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा संशोधन केन्द्र
• मुळव्याध (बवासीर) • भगंदर (नासुर)
• फिशर • कड निकलना व अन्य गुदारोग
अत्याधुनिक लेजर, व्हेसल सिलर, क्षारसूत्र व आयुर्वेद द्वारा गुदा रोगों की दर्द रहित सफल चिकित्सा..
जटिल भगंदर के इलाज में विशेष प्राविण्यता..
डॉ. कमलापती खोब्रागडे
BAMS, M.S. (Ayu.) CCKS (Guj)
बवासीर, भगंदर व गुदारोग तज्ञ
मो. 09823021274
साकेत पब्लिक स्कूल के पास, गणेश नगर
गोंदिया (महा.) मो. 09823021274

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाऐं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET)
■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI)
■ (IUI) आय.यू.आय.
■ अधिक उम्र में मातृत्व
■ ओव्हम डोनेशन द्वारा
■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
■ शुक्राणु बैंक सुविधा
■ सोनोग्राफी
■ हार्मोस की जांच
■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज
■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com